सोमवार, 6 जनवरी 2025

मौसम

तापमान 26 – 14
आर्द्रता 81%
सूर्योदय: 6:18 सूर्यास्त: 17:07

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मजबूत दिमाग विचारों पर, औसत दिमाग घटनाओं पर एवं कमजेर दिमाग लोगों पर चर्चा करते हैं।



लालू प्रसाद की पेशकश पर नीतीश का जवाब, राजद से 'गलती' से किया था गठबंधन –पृष्ठ 6

# नमो भारत कॉरिडोर का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

## दिल्ली को 12200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

- नमो भारत ट्रेन में पीएम ने किया सफर, यात्रा के दौरान स्कूली छात्रों से किया संवाद



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद–न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद स्टेशन पर अधिकारियों से बात कर इसके बार में जानकारी ली। साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत की। इसके अलावा पीएम ने 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने दिल्ली मेट्रो फेज–4 के जनकपुरी पश्चिम–कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले दो किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन किया। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के लोगों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा करीब 26 किलोमीटर लंबे रिठाला–कुंडली खंड की आधारशिला भी रखी। यह कॉरिडोर रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। वहीं, रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। इसका निर्माण करीब 185 करोड़ रुपये की लागत से होगा।

वहीं, पीएम ने नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी बल्कि दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आव–ाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज–1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली–मेरठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली–अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज–दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली–एन–सीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। दिल्ली के चारों ओर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रमुख शहर आरआरटीएस से जुड़ेंगे।

### 291 किमी की लंबाई के होंगे तीन कॉरिडोर

दिल्ली–मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज–1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी जबकि वहीं, राजस्थान के अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली–एनसीआर में आरआरटीएस की सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा।

### दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों से होगी कनेक्टिविटी

मौजूदा समय में दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर आनंद विहार, न्यू अशोक नगर और सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। आरआरटीएस के दो अन्य कॉरिडोर भी दिल्ली मेट्रो से जुड़ेंगे। इसमें सराय काले खां से अलवर कॉरिडोर आईएनए, मुनिरका और एयरोसिटी समेत कई मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेगा। साथ ही पानीपत जाने वाला कॉरिडोर भी कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशन से जुड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर जुड़ेंगे। ताकि लोगों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सके।

# आज गंगासागर जाएंगी ममता



- मेला की तैंयारियों का लेंगी जायजा, कई परियोजनाओं का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज गंगासागर जा रही हैं। गंगासागर मेला की अंतिम समय की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा सुनिश्चित करने से लेकर हर चीज पर गौर कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री गंगासागर मेला की तैयारियों का जायजा लेंगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री आज दोपहर हेलीकॉप्टर से गंगासागर पहुंचेंगी। वह कपिलमुनि मंदिर में पूजा करेंगी। वहां से भारत सेवाश्रम कार्यालय जाएंगी। वह 'पथश्री' परियोजना में तीर्थयात्रियों के लिए कुछ सड़कें, कुछ आंगनवाड़ी केंद्र, 100 बिस्तरों वाले छात्रावास, पाथरप्रतिमा में जेटी सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी।

### पीएम मोदी व खरगे ने मुख्यमंत्री ममता को जन्मदिन की दी बधाई

फ्मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी रविवार को 70 साल की हो गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ममता को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जो विपक्षी आइएनडीआइए ब्लाक में टीएमसी के सहयोगी हैं, ने भी ममता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। खड़गे ने एक्स पर लिखा, टीएमसी की संस्थापक अध्यक्ष ममता दीदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। ममता साल 2011 से बंगाल की मुख्यमंत्री हैं और उनकी गिनती देश में विपक्ष के प्रमुख नेताओं में होती है। इधर, तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, राज्य सरकार के मंत्रियों और अन्य विपक्षी नेताओं ने भी ममता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# भारत व बांग्लादेश की जेलों में बंद 185 मछुआरों की हुई अदला–बदली

- बांग्लादेश ने 95 भारतीय मछुआरों को छोड़ा, भारत ने छोड़े 90 बांग्लादेशी मछुआरे
- स्वदेश लौंटे अधिकतर भारतीय मछुआरे बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के हैं रहने वाले



**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले साल अगस्त में पड़ोसी देश में हुए तख्तापलट के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच भारत और बांग्लादेश ने अपने–अपने जेलों में कैद 185 मछुआरों को रिहा करते हुए रविवार को पारस्परिक अदला–बदली की प्रक्रिया पूरी की। इसमें बांग्लादेश ने जहां गिरफ्तार किए गए 95 भारतीय मछुआरों को वापस सौंपा, वहीं बदले ने भारत ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को छोड़ा। दोनों पक्षों के बीच गिरफ्तार मछुआरों की अदला–बदली की प्रक्रिया दोपहर में बंगाल की खाड़ी के अंतरराष्ट्रीय समुद्री रेखा (जलक्षेत्र) के पास हुई। पूरी प्रक्रिया की निगरानी भारत और बांग्लादेश के तटरक्षक बल ने की। दोनों देशों के विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों की मौजूदगी में बांग्लादेश ने भारतीय मछुआरों को भारतीय तटरक्षक बल को सौंपा। इसी तरह भारत ने बांग्लादेशी मछुआरों को वहां के तटरक्षक बल को सौंपा। इसके साथ ही दोनों देशों द्वारा जब्त किए गए जहाजों की अदला–बदली भी हुई। बांग्लादेश को दो मछली पकडऩे वाले जहाज एफवी लैला–2 और एफवी मेघना–5 सौंपा गया, जबकि छह भारतीय मछली पकडऩे वाली जहाज (ट्रालर) भारत को वापस कर दी गईं। बांग्लादेश से स्वदेश लौटे अधिकतर भारतीय मछुआरे बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप और नामखाना के रहने वाले हैं। लगभग ढाई महीने पहले पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश तटरक्षक बल ने बांग्लादेश की जल सीमा में प्रवेश करने के आरोप में काकद्वीप से गए छह भारतीय ट्रालरों को जब्त कर लिया था। साथ ही उन ट्रालरों पर सवार 95 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। हाल ही में बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर अंतरिम सरकार द्वारा उन 95 मछुआरों के खिलाफ मामला वापस लेने और उन्हें वापस लौटाने की घोषणा की थी।

### आज गंगासागर में मुख्यमंत्री करेंगी मछुआरों से मुलाकात

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, स्वदेश लौटे भारतीय मछुआरों को सोमवार को गंगासागर ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने इस दिन वहां के दौरे पर पहुंचेंगी, जहां मछुआरों से मुलाकात करेंगी। मुख्यमंत्री इन मछुआरों को आर्थिक मदद का चेक भी सौंपेंगी।

# संपत्ति पाकर माता–पिता की सेवा न करने वाले बच्चों से वापस ली जा सकती है संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** माता–पिता से उनकी संपत्ति उपहार में पाने के बाद उनकी देखभाल नहीं करने वाले बच्चों से संपत्ति वापस ली जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों के हितों के संरक्षण के लिए 2007 में बने कानून की व्याख्या करते हुए यह फैसला दिया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर के इस मामले में कोर्ट ने मां की तरफ से बेटे को की गई गिफ्ट डीड को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने बेटे को आदेश दिया है कि वह 28 फरवरी तक मां को संपत्ति पर कब्जा दे दे।

### 'कानून बुजुर्गों की सहायता के लिए बनाया गया है'

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सी टी रविकुमार और संजय करोल की बेंच ने कहा है कि अदालतों को मेंटनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पैरेंट्स एंड सीनियर सिटीजन्स एक्ट, 2007 से जुड़े मामलों में इस बात को लेकर सजग रहना चाहिए कि यह कानून बुजुर्गों की सहायता के लिए बनाया गया है। अगर गिफ्ट डीड में यह न भी लिखा हो कि संतान भविष्य में माता– पिता का ख्याल रखेगी, तब भी इसे आधार बना कर लापरवाह संतान को संपत्ति पर काबिज नहीं रहने दिया जा सकता।

### कानून क्या कहता है?

2007 में बने कानून की धारा 23 कहती है कि इस कानून के लागू होने के बाद उपहार (गिफ्ट) या किसी और तरीके से अगर कोई वरिष्ठ नागरिक इस शर्त पर अपनी संपत्ति किसी को देता है कि संपत्ति पाने वाला उस वरिष्ठ नागरिक की देखभाल करेगा, तो ऐसा न होने की सूरत में यह माना जाएगा कि संपत्ति का ट्रांसफर धोखाधड़ी या धमकी से हुआ है। ट्रिब्यूनल इस ट्रांसफर को रद्द घोषित कर देगा।

### 'बेटे ने देखभाल का दिया था वचन'

छतरपुर की रहने वाली उर्मिला दीक्षित ने 1968 में एक संपत्ति खरीदी थी। इसे उन्होंने 7 सितंबर 2019 को एक गिफ्ट डीड के जरिए अपने बेटे सुनील शरण दीक्षित को दे दिया। 4 दिसंबर 2020 को उन्होंने छतरपुर के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट को आवेदन देकर बताया कि उनके बेटे ने और अधिक संपत्ति पाने के लिए उन पर और उनके पति पर हमला किया। उर्मिला दीक्षित ने बताया कि बेटे ने संपत्ति ट्रांसफर करने से पहले वचन पत्र दिया था कि वह उनकी देखभाल करेगा। इस आ–वेदन के बाद एसडीएम ने गिफ्ट डीड निरस्त करने का आदेश दिया।

# 'किसी को अपमानित करने का इरादा नहीं', प्रियंका गांधी पर दिए विवादित बयान पर रमेश बिधूड़ी ने मांगी माफी



**नई दिल्ली :** बीजेपी के पूर्व सांसद और अब कालकाजी सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने द पर एक पोस्ट में कहा कि किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग ग़लत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था, लेकिन फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं।

किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग ग़लत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ। बता दें कि रमेश बिधूड़ी ने कालकाजी इलाके में बीजेपी के एक कार्यक्रम में कहा था कि कालकाजी की सड़कों को प्रियंका गांधी के गालों जैसा बना देंगे। उनके इस विवाद के बाद सियासी पारा गरमा गया है। बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी हमलावर है। रमेश बिधूड़ी के बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी एक महिला विरोधी पार्टी है, ये डरावना है कि दिल्ली में कानून और व्यवस्था की समस्या बीजेपी सरकार के अधीन है। अगर बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ऐसी अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो पार्टी महिलाओं को कैसे सुरक्षित महसूस कराएगी? केवल कालकाजी ही नहीं, मुझे यकीन है कि दिल्ली के सभी मतदाता रमेश बिधूड़ी द्वारा दिए गए बयान का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एनआईए ने दुबई से धन जुटाने के आरोप में पीएफआई सदस्य को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत में गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दुबई से धन जुटाने के आरोप में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि एनआईए की एक टीम ने मोहम्मद सज्जाद आलम को शनिवार को दुबई से यहां इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। आलम बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का निवासी है। इसमें कहा गया है कि पीएफआई के प्रशिक्षित सदस्य आलम के खिलाफ एनआईए की विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया था। एनआईए के अनुसार, आरोपी संयुक्त अरब अमीरात, कर्नाटक और केरल स्थित नेटवर्क के माध्यम से बिहार में पीएफआई सदस्यों को दुबई से अवैध धन पहुंचाने में शामिल था। एनआईए ने कहा कि इस धन का इस्तेमाल प्रतिबंधित संगठन की आपराधिक और गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी–रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

# दिल्ली घने कोहरे की चादर में लिपटी, कश्मीर में ताजा बर्फबारी

## झारखंड में शीतलहर के चलते स्कूल बंद



बारामूला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में रविवार को भी कोहरे की वजह से दृश्यता कम रही, जबकि झारखंड सरकार ने शीतलहर के मद्देनजर सात से 13 जनवरी तक स्कूल बंद रखने की घो–षणा की है। कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में पारा हिमांक बिंदु के करीब रहा, जहां रविवार को ताजा बर्फबारी हुई, जबकि हरियाणा और पंजाब में कई स्थानों पर सर्दी का प्रकोप जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई और कई उड़ानें तथा रेलगाड़ियां बाधित हुईं। घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण पिछले तीन दिनों से दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन प्रभावित हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया, ''शनिवार को नौ घंटे तक शून्य दृश्यता की तुलना में, पालम में रविवार को अपेक्षाकृत कम 3.5 घंटे तक शून्य दृश्यता रही।'' भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को सामान्यतः बादल छाए रहेंगे और सुबह गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। श्रीनगर समेत कश्मीर घाटी के अधिकतर हिस्सों में रविवार को ताजा बर्फबारी हुई। जम्मू–कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में लगातार दूसरे दिन पारा हिमांक बिंदु के करीब रहा। अधिकारियों ने बताया कि सुबह उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों के कई इलाकों और मध्य कश्मीर के बडगाम और गांदरबल जिलों के कुछ हिस्सों में बर्फबारी हुई।



## पंजाब व हरियाणा के लिये गंभीर चेतावनी

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है।

निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# भारत के डिजिटल भविष्य का नया स्वरूप: डेटा सुरक्षा के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण



श्री अश्विनी वैष्णव

जब हम वैश्विक भविष्य के बारे में बात करते हैं, तो मानव-केंद्रित दृष्टिकोण सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ये शब्द, लोगों को पहले रखने के भारत के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। इस दर्शन ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियम, 2025 के मसौदे को आकार देने में हमारे प्रयासों का मार्गदर्शन किया है। अंतिम रूप दिए जाने के बाद, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 को लागू हो जाएगा, जो नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

**सशक्तिकरण का एक नया युग**

भारतीय नागरिक डीपीडीपी नियम, 2025 के केंद्र में है। डेटा के बढ़ते वर्चस्व वाली दुनिया में, हमारा मानना है कि व्यक्तियों को शासन की रूपरेखा के केंद्र में रखना अनिवार्य है। ये नियम नागरिकों को कई अधिकारों से सशक्त बनाते हैं, जैसे सूचना आधारित सहमति, डेटा मिटाने की सुविधा और डिजिटल रूप में नामांकित व्यक्ति को नियुक्त करने की क्षमता, आदि। नागरिक अब उल्लंघनों या अनधिकृत डेटा उपयोग के सामने असहाय महसूस नहीं करेंगे। उनके पास अपनी डिजिटल पहचान को प्रभावी ढंग से सुरक्षित और प्रबंधित करने के लिए उपकरण होंगे।

नियमों को सरलता और स्पष्टता के साथ तैयार किया गया है, यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक भारतीय, चाहे उनके पास तकनीकी ज्ञान कुछ भी हो, अपने अधिकारों को समझ सकता है और उनका प्रयोग कर सकता है। सहमति स्पष्ट शब्दों में मांगी जाती है तथा नागरिकों को अंग्रेजी या संविधान में सूचीबद्ध 22 भारतीय भाषाओं में से किसी में भी जानकारी प्रदान करना अनिवार्य किया गया है, यह रूपरेखा समावेशिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**बच्चों की सुरक्षा**

डिजिटल युग में बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है। इसे मान्यता देते हुए, नियम नाबालिगों के व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सत्यापन योग्य सहमति को अनिवार्य बनाते हैं। अतिरिक्त सुरक्षा उपाय बच्चों को शोषण, अनधिकृत प्रोफाइल बनाने और अन्य डिजिटल नुकसान से बचाव सुनिश्चित करते हैं। ये प्रावधान भविष्य की पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हैं।

**विनियमन के साथ विकास का संतुलन**

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एक वैश्विक सफलता की गाथा रही है और हम इस गति को बनाए रखने के प्रति दृढ़ हैं। हमारी रूपरेखा, डिजिटल अर्थव्यवस्था में नवाचार को सक्षम करते हुए नागरिकों के लिए व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करती है। विनियमन पर बहुत अधिक जोर देने वाले कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों के विपरीत, हमारा दृष्टिकोण व्यावहारिक और विकासोन्मुखी है। यह संतुलन सुनिश्चित करता है कि नागरिकों की सुरक्षा की जाए और नवाचार भावना को दबाया न जाए, जो हमारे स्टार्टअप और व्यवसायों को प्रेरित करती है। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए अनुपालन बोझ कम हो जाएगा। हितधारकों की अलग-अलग क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए, नियमों को वर्गीकृत जिम्मेदारियों के साथ डिज़ाइन किया गया है। डेटा विश्वास के मूल्यांकन के आधार पर, बड़ी कंपनियों के पास उच्च दायित्व होंगे, जो विकास को बाधित किए बिना जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

**डिजिटल-प्रथम दर्शन**

इन नियमों के मूल में डिजाइन से डिजिटल दर्शन है। डेटा सुरक्षा बोर्ड मुख्य रूप से एक डिजिटल कार्यालय के रूप में कार्य करेगा, जिसे शिकायतों का समाधान करने और अनुपालन लागू करने का काम सौंपा गया है। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, हम दक्षता, पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हैं। नागरिक शारीरिक उपस्थिति के बिना भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, प्रगति की निगरानी कर सकते हैं और समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

यह डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण सहमति व्यवस्था और डेटा प्रबंधन कार्य तक फैला हुआ है। प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, हम बड़ी कंपनियों के लिए अनुपालन करना और नागरिकों के लिए जुड़ना आसान बनाते हैं, जिससे प्रणाली में विश्वास बढ़ता है।

**समावेशी दृष्टिकोण**

इन नियमों की यात्रा उनके अभिप्राय जितनी ही समावेशी रही है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के सिद्धांतों पर आधारित, मसौदा नियम विभिन्न हितधारकों से एकत्र किए गए व्यापक इनपुट और वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों के अध्ययन का परिणाम है।

नागरिकों, व्यवसायों और नागरिक समाज से प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित करते हुए, हमने सार्वजनिक परामर्श के लिए 45-दिनों की अवधि निर्धारित की है। यह जुड़ाव सामूहिक ज्ञान और भागीदारीपूर्ण नीति निर्माण के महत्व में हमारे विश्वास का प्रमाण है, जबकि यह सुनिश्चित करना है कि यह व्यवस्था न केवल मजबूत हो, बल्कि हमारे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की अनूठी चुनौतियों के अनुकूल भी हो।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि नागरिक अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक हैं, नागरिकों को उनके व्यक्तिगत डेटा से जुड़े अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**भविष्य के लिए एक विजन**

इन नियमों की शुरुआत के साथ, हम न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं बल्कि एक सुरक्षित और अभिनव डिजिटल भविष्य की आधारशिला भी रख रहे हैं। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 का मसौदा वैश्विक डेटा शासन मानदंडों को आकार देने में भारत के नेतृत्व को प्रतिबिंबित करता है। नागरिकों को केंद्र में रखते हुए, नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर, हम एक मिसाल कायम कर रहे हैं, जिसका दुनिया अनुसरण कर सकती है।

हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है: इस डिजिटल युग में प्रत्येक भारतीय को सुरक्षित, सशक्त और सक्षम बनाना। मैं प्रत्येक नागरिक, व्यवसाय और नागरिक समाज समूह को परामर्श अवधि के दौरान टिप्पणियाँ और सुझाव साझा करके इस संवाद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। आइए हम सब मिलकर इन नियमों को परिष्कृत करें ताकि एक ऐसी व्यवस्था तैयार हो सके, जो वास्तव में एक सुरक्षित, समावेशी और संपन्न डिजिटल भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हो।

**-लेखक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना और प्रसारण तथा रेलवे मंत्री हैं।**

# शार्टकट और कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आज की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी एप के सहारे आगे बढ़ने लगी है। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरें में लाने का काम करेगी यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे निकल गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को थुथला करने में ही सहायक सिद्ध हो रही है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करों वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म का सहारा लेकर तत्काल दे देंगे। हांलाकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट प्लेटफार्म पर उपलब्ध है निश्चित रुप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरिज का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौनसा लिंक अधिक सटीक है। दर असल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगन्य हो जाती है। समझ में यह भी आ जाता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ साफ देखा जा सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इंटरनेट, कम्प्यूटर और मोबाइल ने आज की पीढ़ी को शार्टकट की जिंदगी जीना सिखा दिया है। आज का युवा कट पेस्ट के सहारे अपना काम चला रहा है। कोई जानकारी लेनी है तो सीधा गूगल गुरु की शरण में जाता है और एक ही प्रश्न से संबंधित सामग्री के अनेक स्रोत देख कर वह अपनी सुविधा के अनुसार जो उसे सही लगता है कट किया और उसके बाद पेस्ट करके अपना काम पूरा कर लेता है। यह सब चिंतनीय इसलिए है कि सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण 2024 में यह सामने आया है कि डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को पेस्ट कर इतिश्री कर लिया जाता है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार देश में उत्तराखण्ड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखण्ड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। उत्तराखण्ड के पीछे पीछे ही बिहार के युवा हैं और बिहार के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तरप्रदेश के युवाओं के हालात भी कमोबेस यही है और उत्तरप्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। कमोबेस यह हालात भारत ही नहीं आज की तारीख में दुनिया के अधिकांश देशों में आम होती जा रही है। तकनीक के उपयोग में कोई बुराई नहीं हैं अपितु तकनीक के उपयोग में आगे रहना समय की मांग होती है। पर बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त ही अध्ययन मनन होती है। सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। गूगल गुरु के सहारें काम चलाया जा रहा है। सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी हो जाता है। जब एक क्लिक में सामग्री मिल जाती है तो फिर पढ़ने-पढ़ाने की जहमत कौन उठाएं। कोरोना के कारण ऑनलाइन कक्षाओं का जो चलन चला था उसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्री में कितना सही है और क्या सही है यह तय करना जोखिम भरा काम है। परिवारों के हालात यह होते जा रहे हैं कि किताब तो दूर होती जा रही है और क्या बच्चे और क्या बड़े सब मोबाइल पर लगे रहते हैं और आपसी संवाद करने की भी फुर्सत नहीं होती। एकाकीपन बढ़ता जा रहा है। सामाजिकता तो लगभग समाप्त ही होती जा रही है। सोशियल मीडिया में शार्टकट मैसेजों का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। अब 2025 की ही बात ले तो सोशियल मीडिया पर ड्ब्लूटीएफ का चलन जोरों से चल रहा है। ड्ब्लूटीएफ का एक तो सीधा साधा अर्थ है क्या मजाक है। पर दूसरी और नए साल के बुधवार से आरंभ होने को लेकर ड्ब्लूटीएफ का धडल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। ड्ब्लूटीएफ के माध्यम से लोगों को डराया भी जा रहा है कि जिस तरह से 2020 में बुधवार से नए साल की शुरुआत हुई थी और उस साल कोरोना के भयावह दौर से गुजरना पड़ा। इस तरह से ड्ब्लूटीएफ के माध्यम से कोरोना काल जैसी त्रासदी की संभावना से लोगों को डराया जा रहा है। अब जिस तरह के चीन से समाचार आ रहे हैं उनमें कितनी सचाई है यह तो दूर की बात है पर उससे दहसत का माहौल बनता जा रहा है। एक समय था जब बच्चों की कम्यूनिकेशन स्कील विकसित की जाती थी। अब सोशियल मीडिया के इस जमाने में कम्यूनिकेशन स्कील तो दूर की बात शार्ट कट के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। खास यह कि सामने वाले से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे सब कुछ मालूम है।

आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना ही होगा। कहा जाता है कि जितना अधिक अध्ययन मनन होता है व्यक्ति उतना ही निखर कर आता है। जब इंटरनेट की दुनिया में जो जानकारियां हैं उन्हीं का उपयोग किया जाता है तो ऐसी हालत में चिंतन, मनन, तक-वितर्क, वैचारिक परिपक्वता, शोध आदि की कल्पना करना अपने आप में गलत होगा। ऐसे में तकनीक का उपयोग सहजता के लिए किया जाना तो उचित है पर तकनीक के नाम पर केवल शार्ट कट या कॉपी पेस्ट तक सीमित होना अपने आप में गंभीर चिंता का कारण बन जाता है। शिक्षाविदों को इस पर गंभीर चिंतन करना होगा।

## विदेश की खबरें

### मोदी के साथ बैठक द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने में महत्वपूर्ण: ओली

**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि चीन की उनकी हालिया यात्रा के दौरान चीन के साथ 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर और 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण थी। कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) के 72 वर्षीय नेता ओली ने कहा कि इन बैठकों और यात्राओं ने पड़ोसी देशों के साथ नेपाल के संबंधों को मजबूत करने में सार्थक योगदान दिया है। ओली ने यह बात ललितपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में राजनीतिक रिपोर्ट पेश करते हुए कही। ओली ने कहा, 'राष्ट्रीय हित को केंद्र में रखते हुए आपसी हितों और समान लाभों पर आधारित संतुलित विदेश नीति अपनाई जाएगी, ताकि पड़ोसियों के साथ-साथ सभी मित्र देशों के साथ बहुआयामी कूटनीति, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को और मजबूत किया जा सके।' उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ मौजूदा मुद्दों को कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिबद्धता भी जतायी। उन्होंने कहा, 'हमारी विदेश नीति का मूल दिशानिर्देश सभी के साथ मित्रता और किसी के साथ शत्रुता नहीं होगी।'

### इजराइल की कार्रवाई में फलस्तीनी सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया

**यरूशलम :** इजराइली सेना की कार्रवाई में वेस्ट बैंक में फलस्तीनी सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया। इजराइली सेना ने इस सदस्य पर आतंकवादी होने का आरोप लगाया था। इस बीच, रविवार को फलस्तीनी लोगों ने एक दिन पहले गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मारे गए छह लोगों को अंतिम विदाई दी। मृतकों में एक किशोर भी शामिल था। एक अलग घटनाक्रम में इजराइल ने चेतावनी दी है कि यदि हिजबुल्ला के आतंकवादी सीमा से नहीं हटते हैं और लेबनानी सैनिक 'बफर जोन' की निगरानी करने में विफल रहते हैं तो लेबनान में संघर्ष विराम समझौता समाप्त हो सकता है। 'बफर जोन' दो या दो से ज्यादा विरोधी ताकतों के बीच का एक तटस्थ क्षेत्र होता है। इजराइल की अर्धसैनिक सीमा पुलिस ने कहा कि उसने हसन रबैया को गिरफ्तार करने के लिए पश्चिमी तट के मीथालून गांव में एक अभियान चलाया। उसने उसे वांछित आतंकवादी बताया है। उसने बताया कि भागने की कोशिश करते समय हुई गोलीबारी में वह मारा गया और सैनिकों को उसके घर के अंदर एक बन्दूक, हथियार के हिस्से और लगभग 26,000 अमेरिकी डॉलर नकद मिले। मीथालून उत्तरी पश्चिमी तट के शहर जेनिन के निकट स्थित है, जो हाल के वर्षों में इजराइल-फलस्तीनी हिंसा का केंद्र रहा है।

### हिजबुल्ला सरगना नसरल्लाह की पिछले साल युद्ध संचालन कक्ष में मौत हुई थी: वाफिक सफा

**बेरूत :** इजराइल के हवाई हमले में पिछले वर्ष हिजबुल्ला सरगना हसन नसरल्लाह की जब मौत हुई थी तब वह आतंकवादी समूह के युद्ध संचालन कक्ष में था। हिजबुल्ला के एक सदस्य ने रविवार को यह जानकारी दी। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इजराइली हवाई हमलों में 27 सितंबर, 2023 को कई इमारत ध्वस्त हो गई थीं जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई थी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि छह लोगों की मौत हो गई थी। खबरों के अनुसार नसरल्लाह और अन्य वरिष्ठ सदस्य भूमिगत बैठक कर रहे थे। हिजबुल्ला के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी वाफिक सफा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हसन नसरल्लाह इस स्थान से लड़ाई और युद्ध का नेतृत्व करता था।' उन्होंने कहा कि नसरल्लाह की मौत युद्ध संचालन कक्ष में हुई। उन्होंने अन्य विस्तृत जानकारी नहीं दी। लेबनानी मीडिया की खबर के अनुसार युद्ध विराम से पहले सफा मध्य बेरूत में इजराइली हवाई हमलों का लक्ष्य था, लेकिन वह सुरक्षित दिखाई दिया। लेबनान और हिजबुल्ला देशभर में जारी इजराइली हमलों और हवाई हमलों और इसके नियंत्रण वाले कई लेबनानी गांवों में से केवल दो से ही पीछे हटने के लिए भी आलोचना करते रहे हैं। इजराइल का कहना है कि लेबनानी सेना ने हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में अपना सहयोग नहीं दिया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 जनवरी, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, पौष शुक्लपक्ष सप्तमी, 18:23 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 18:56 तक, योग : परिघा, 25:58 तक, सूर्योदय: 6:18, सूर्यास्त: 17:07 चन्द्रोदय : 10:49, चन्द्रास्त: 23:27, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:42 से 09:02

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन परेशानी वाला हो सकता है और आपके जीवन में समस्याएं काफी बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन काफी परेशानियों वाला रहेगा और आपके जीवन में कोई नई परेशानी पैदा हो सकती है। किसी कार्य की अधिकता के कारण आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके सभी कार्य सफलता से पूरे होंगे और आपका मूड भी सुबह से अच्छा रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपका दिन सफलता के साथ प्रगति से भरा होगा। बड़े बुजुर्ग को कार्यक्षेत्र में हर संभव मदद मिलेगी और हर मामले में दोस्तों का साथ मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा और आपको साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को परिश्रम की आवश्यकता है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। न्यायिक मामलों में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और आपका दिन आनंद के साथ बीतेगा। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए करियर में लाभ का दिन है। तरक्की मिलेगी। अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। इससे आपके कोष में वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों के करियर में तरक्की के योग हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको कोई जरूरी सुव्यवस्था का काम सौंप सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को हर मामले में सावधान रहने की सलाह है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज पको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे आप पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 2967

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | | 22 | | | ■ | | ■ | 23 | |
| | ■ | | ■ | 24 | | | 25 | ■ | ■ |
| | ■ | 26 | | | ■ | ■ | 27 | | |

**बायें से दायें:-** 1) भागदौड़ करना; जल्दी मचाना, 4) प्रमाणित; *अैटैस्टिड*, 6) क्रुद्ध; उष्ण, 8) परिश्रम, 10) शासनसंस्था, 12) भँगार; अनुपयोगी, 13) एक-सा; समकोटीय, 15) कैद, 18) रात, 19) स्वार्थी, 21) आदरसत्कार; ख़ातिरदारी; स्वागत, 23) स्वाद, रस आदि के विचार से निकृष्ट, 24) वन की आग, 26) भेदभावहीनता, 27) स्थानांतरण.

**ऊपर से नीचे:-** 2) कथन; वक्तव्य; *स्टेटमैंट*, 3) पर्वत; हाथी, 4) सदृश; एकरूप, 5) पूर्वज, 7) निर्यास; स्वाद, 8) एक देवांगना, 9) करुणा; दया, 11) सफलता, 14) आँख की पुतली, 16) कमल, 17) सीमा, 19) निर्वाचक, 20) कृषिकर, 21) शैली; तौर-तरीक़ा; *हैबिट*, 22) मन में छिपा हुआ क्रोध, 25) होंठ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | र्च | ■ | ज | ल | प्र | पा | त | ■ | मा |
| म | ■ | सा | रा | ■ | त्यं | ■ | म | झ | ला |
| च | प | त | ■ | ख | चा | खा | च | ■ | मा |
| म | त | ■ | ब | ट्टा | ■ | प | र | व | ल |
| ■ | न | कु | ल | ■ | ख़ | त | ■ | ह | ■ |
| ■ | शी | ■ | ब | द | ला | ■ | क | म | र |
| अ | ल | बे | ला | ■ | स | बे | रा | ■ | त |
| चू | ■ | ल | ह | र | ■ | का | र | खा | ना |
| क | र्ता | ■ | ट | मा | ट | र | ■ | ता | र |

## सुडोकू-पहेली-2927

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | | | 6 | | |
| | | | | 2 | | | 9 | |
| | 4 | | | | | | | |
| 3 | | | 5 | | 8 | | | |
| | | | | | | | 1 | 2 |
| | | | | | | | | |
| | | 9 | | 1 | | | | |
| | | | 7 | | | 5 | | |
| | | | 6 | | | 8 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2926 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 8 | 3 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 5 | 8 | 7 | 3 |

# बाबूघाट पर साधुओं की भीड़ जुटना शुरू, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेले में पवित्र स्नान की आस में साधु-संतों का बाबूघाट पर जुटना शुरू हो गया है। मकर संक्रांति से पहले ही बाबुघाट के आसपास अस्थायी शिविरों का निर्माण हो चुका है, जहां देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संतों ने डेरा डाला है। यह स्थान हर वर्ष की तरह इस बार भी मिनी भारत का स्वरूप ले चुका है। बाबुघाट पर गंगासागर मेले के ट्रांजिट प्वाइंट या अस्थायी शिविरों को लेकर इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। राज्य प्रशासन ने शिविरों में चिकित्सा सुविधा से लेकर अन्य सेवाओं तक की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की है। हावड़ा और सियालदह रेलवे स्टेशन



के जरिए दूरदराज से आने वाले साधु-संतों की भीड़ पहले ही बाबुघाट पहुंचने लगी है। कुछ दिनों में यहां श्रद्धालुओं का विशाल जमावड़ा लगेगा। कोलकाता नगर निगम में गंगासागर मेले की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें मेयर फिरहाद हकीम ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर इस वर्ष बाबूघाट के अस्थायी शिविरों की देखरेख की जिम्मेदारी डिप्टी मेयर अतिन घोष और मेयर परिषद सदस्य देबाशिष कुमार को सौंपी गई है।

**❑ सुरक्षा पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान**

बांग्लादेश में हालिया अशांति को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य की खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। किसी भी प्रकार की बाधा या असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त सावधानी बरती है। इसके अलावा, नगर निगम के अनुसार, सफाई व्यवस्था के लिए 130 कर्मचारियों की तैनाती होगी, जो तीन शिफ्ट में काम करेंगे। साथ ही, कचरा उठाने के लिए अतिरिक्त गाड़ियों की भी व्यवस्था की गई है। बाबूघाट पर अस्थायी शौचालय, पीने के पानी की सुविधा और ठहरने के लिए शिविरों का निर्माण तेजी से जारी है। इस समय लगभग 1 हजार साधु-संत बाबूघाट पहुंच चुके हैं। गंगासागर मेले के इस भव्य आयोजन के लिए राज्य प्रशासन और कोलकाता नगर निगम पूरी ताकत से जुटा हुआ है।

# गंगासागर मेले में ड्रोन से श्रद्धालुओं तक पहुंचेंगे संदेश

## कॉल ड्रॉप से निपटने के लिए अस्थायी टावरों की संख्या बढ़ाई गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐतिहासिक गंगासागर मेले में इस वर्ष भीड़ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के तहत जरूरी संदेश व अहम जानकारी पहुंचाने के लिए ड्रोन से माइकिंग की व्यवस्था की जा रही है। दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता के मुताबिक, यह ड्रोन खास कर श्रद्धालुओं के स्नान वाले घाटों जैसे सी-बिच 1 ए और 1 सहित अन्य घाटों पर माइकिंग करेंगे। इसके अलावा, गंगासागर के भीड़ वाले स्थानों पर संदेश भेजकर भीड़ नियंत्रित की जाएगी। मेला में कुल 26 ड्रोन काम करेंगे। इसके अलावा, सागर मेला ग्राउंड और मुड़ी गंगा नदी में थर्मल इमेजिंग एंड नाइट विजन ड्रोन भी उड़ाया जाएगा। बीते वर्ष वेसल के दिशा भटकने से सबक लेते हुए इसरो की ओर से सैटेलाइट के जरिए रियल टाइम वाहनों पर निगरानी की जाएगी। मेला के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होने के कारण कॉल ड्रॉप व अन्य समस्याएं सामने आती हैं। इससे निपटने के लिए बीएसएनएल और अन्य कई निजी कंपनियों से बात कर अस्थायी टावरों की संख्या बढ़ाई गयी है। कॉल ड्रॉप की समस्याओं से निपटने के लिए 145 वॉकी टॉकी की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, फोन कॉल करने में असुविधा होने पर श्रद्धालु मुफ्त वाई-फाई की सुविधा लेकर बात कर सकते हैं। इसके लिए मेला में वाई फाई कॉलिंग बूथ की संख्या 10 की जा रही है। श्रद्धालु कोई भी जानकारी व शिकायत वाट्सएप चैट बोट के जरिए कर सकते हैं। इसके अलावा, खोया पाया के लिए हैम रेडियो तत्पर रहेगा।

**❑ सागरद्वीप में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद**

सुंदरवन जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गंगासागर मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एक सप्ताह पहले से ही लंबे नदी मार्ग पर निगरानी शुरू कर दी गई है। नदी व गंगासागर में आने-जाने वाले मछुआरों की प्रत्येक नाव की जांच की जा रही है। बांग्लादेश में अस्थिर माहौल है। ऐसे में सुंदरवन पुलिस जिला ने सुंदरवन की जल सीमा में निगरानी बढ़ा दी है। बताया गया है कि दक्षिण 24 परगना की सुंदरवन जल सीमा करीब 150 किमी लंबी है। तटरक्षक बल और नौसेना बंगाल की खाड़ी में कड़ी निगरानी रख रहे हैं। इसके अलावा, सुंदरवन पुलिस जिला की ओर से बंगाल की खाड़ी और नदियों में एफआईबी के साथ सर्च ऑपरेशन और गश्त जारी है। मुख्य रूप से यह पेट्रोलिंग गोवर्धनपुर, नामखाना, फ्रेजरगंज, काकद्वीप और सागर में चल रही है। मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों की भी तलाशी ली जा रही है। यहां तक कि पुलिस मछुआरों के वैध पहचान पत्र और लाइसेंस की भी जांच कर रही है। गंगासागर मेला को देखते हुए जलमार्ग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोस्ट गार्ड, नेवी, बीएसएफ के समन्वय से यह सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। बताया गया है कि इस साल गंगासागर मेले के दौरान 12,000 बल तैनात किए जाएंगे।

# ममता ने किया देश की सेवा में जुटे जवानों का अपमान : शुभेंदु अधिकारी

## बीएसएफ के खिलाफ बयान पर विपक्ष के नेता ने ममता को खुला पत्र लिखकर आलोचना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनकी इस टिप्पणी की आलोचना की कि बीएसएफ केंद्र सरकार के एजेंडे के तहत बांग्लादेश से घुसपैठ की इजाजत दे रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी सुरक्षा बलों का अपमान है। शुभेंदु ने ममता पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'घटिया' राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित असम में प्रशासन ने अवैध आव्रजन को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम किया है। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार घुसपैठियों को वोट बैंक बना रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य में घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को दोषी ठहराना राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 75,000 कर्मियों और 33,000 बीएसएफ कर्मियों का अपमान है। भाजपा नेता ने ममता को भेजे पत्र में लिखा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तो होते ही रहते हैं, लेकिन इसमें सुरक्षा बलों को घसीटना, उनका अपमान करना और अपनी नाकामियों का ठीकरा उन पर फोड़ना घटिया राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। शुभेंदु ने कहा कि सुरक्षा बल प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर भारत की 15,106.7 किलोमीटर लंबी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने गांवों में घुसपैठियों को कथित तौर पर बसाए जाने में राज्य प्रशासन की



भूमिका पर सवाल उठाए और पूछा कि राज्य सरकार ने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को मजबूत करने की आवश्यकता का विरोध क्यों किया। भाजपा नेता ने राज्य सरकार पर सीमा से जुड़े मुद्दों पर बीएसएफ के साथ सहयोग न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पड़ोसी देशों में प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को बसाने का विरोध कर रही है, लेकिन वह राज्य में घुसपैठियों का स्वागत कर रही है।

शुभेंदु ने दावा किया कि असम में प्रशासनिक मशीनरी सुरक्षा एजेंसियों का साथ दे रही है, जबकि दूसरी ओर पश्चिम बंगाल प्रशासन ने घुसपैठियों को वोट बैंक बनाने की दिशा में काम किया। भाजपा नेता ने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जिसमें 591 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाई जाना, फ्लडलाइट की तैनाती और सीमा चौकियों एवं अवलोकन टावर का निर्माण शामिल है। शुभेंदु ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार से समर्थन की कमी भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए बाड़ के निर्माण में बाधा बन रही है। उन्होंने दावा किया कि 284 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य स्तर पर 'लंबित' है। पत्र में, शुभेंदु ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के 133 मामलों में से तीन राज्य सरकार की कैबिनेट, जबकि 10 राजस्व रिकॉर्ड की कमी के कारण लंबित हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की ओर से 217 करोड़ रुपये जारी किए जाने के बावजूद केवल 31 प्रतिशत भूमि सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित की गई है। भाजपा नेता ने ममता से वोट बैंक के लालच में पश्चिम बंगाल की कला, संस्कृति और जनसांख्यिकी का बलिदान न देने की अपील की।

# किन रूटों पर बढ़ाई जाएगी बसों की संख्या, आज परिवहन मंत्री उतरेंगे सड़क पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती दैनिक यात्रियों की सुविधाओं और असुविधाओं को देखने के लिए सरजमीन जा रहे हैं। वह अगले सोमवार को कार्यालय समय के दौरान कोलकाता के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे कि न्यूटाउन से बाइपास, बेहाला, साल्ट लेक और शहर के कई अन्य स्थानों का दौरा करेंगे। बताया जा रहा है कि यह दौरा यह देखने के लिए है कि क्या कुछ रूटों पर बसों का ट्रैफिक बढ़ाया जा सकता है, क्या कहीं नई बसों की



जरूरत है। इस बात का सर्वेक्षण किया जाएगा कि किन रूटों पर बसों की कमी है, कहां यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता है। इसके मुताबिक पता चला है कि बाद में बसों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। माना जा रहा है कि उस दिन राज्य परिवहन सचिव सौमित्र मोहन और अन्य अधिकारी परिवहन मंत्री के साथ रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक स्नेहाशीष देखेंगे कि सुबह ऑफिस टाइम के दौरान या दोपहर में ऑफिस ब्रेक के बाद किसी सड़क की स्थिति क्या है। इस संबंध में स्नेहाशीष ने कहा कि पहले की तुलना में बसों की संख्या थोड़ी बढ़ा दी है। हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ अन्य मार्गों पर बसों की आवश्यकता होती है। वे अगले सोमवार को कई जगहों पर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने समय बढ़ाने को कहा। वे इसे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

# ममता का बहिष्कार करना कांग्रेस की ऐतिहासिक गलती थी : प्रदीप भट्टाचार्य

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का दावा... 'पार्टी आज तक इसका नुकसान झेल रही हैं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि 1997 में पहले ममता बनर्जी का बहिष्कार करना पार्टी नेतृत्व की ऐतिहासिक भूल थी। कांग्रेस नेताओं को आज भी इसका प्रायश्चित करना पड़ रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रहे भट्टाचार्य ने कहा कि 9 दिसंबर, 1997 को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था, जिसमें प्रणब मुखर्जी, सीताराम केसरी व सोमेन मित्रा जैसे बड़े नेता मौजूद थे जबकि ममता बनर्जी को आमंत्रित नहीं किया गया था। ममता की लोकप्रियता उस वक्त चरम पर थी। वह युवा नेत्री से जननेत्री बन चुकी थीं। उन्होंने कहा कि एक ओर



स्टेडियम में कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था, वहीं दूसरी तरफ ममता ने अपने समर्थकों के साथ स्टेडियम के बाहर सभा की थी, जिसमें लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। उस दिन, यह बात साफ हो गई थी कि सोमेन मित्रा व ममता बनर्जी एक साथ नहीं चल सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान को उस वक्त उन दोनों में से किसी एक को चुनना था। सीताराम केसरी ने सोमेन को चुना था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसके बाद, ममता ने नई पार्टी की घोषणा कर दी थी, हालांकि उससे पहले ही कांग्रेस ने उनके बहिष्कार का निर्णय ले लिया था, जो कांग्रेस की ऐतिहासिक भूल थी। इसका खामियाजा आज तक भुगतना पड़ रहा है। भट्टाचार्य ने आगे कहा कि उस वक्त सोमेन पर भारी दबाव बनाया गया था, जिसके कारण उन्हें ममता का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होना पड़ा था। मैंने उस वक्त सोमेन को ऐसा करने से मना किया था लेकिन दबाव के आगे उन्हें झुकना पड़ा था। पता नहीं, कांग्रेस इस गड्ढे से कब तक निकल पाएगी।

# एनआरएस अस्पताल के सामने से बांग्लादेशी युवती गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनआरएस अस्पताल के सामने से इंटाली पुलिस ने रविवार को एक बांग्लादेशी युवती को गिरफ्तार किया है। भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बांग्लादेशी युवती का नाम बेबी विश्वास (20) है। युवती का घर बांग्लादेश के बारिसल जिले में है। इस दिन, एनआरएस अस्पताल के सामने उसे बेवजह घूमते देख पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि वह बांग्लादेश की नागरिक है। पुलिस ने जब उससे वैध दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा सकी। इसके बाद, बेबी विश्वास को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसे सोमवार को कोर्ट में



पेश किया जाएगा। इस बीच शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि युवती दो-तीन दिन पहले सीमा पार कर राज्य में दाखिल हुई है। वह सियालदह के एक गेस्ट हाउस में रह रही थी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने सियालदह में किस गेस्ट हाउस में शरण ली थी। साथ ही, पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर वह भारत क्यों आई और पिछले तीन दिनों में कहां-कहां किस-किस से मिली।

## कल्याणी में दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार, कश्मीर से जुड़े तार

नदिया के कल्याणी से दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि दोनों कल्याणी के मुरातीपुर इलाके में एक मकान में किराए पर रहते थे। अभियुक्तों के नाम मोहम्मद सोहाग मीर (23) और प्रणय जयधर (18) के रूप में की गई है। बताया गया है कि मोहम्मद सोहाग मीर को पहले उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में एक अतिक्रमणकर्ता के रूप में गिरफ्तार किया गया था। रिहा होने के बाद वह कश्मीर चला गया और वहीं से कई सवाल सामने आ रहे हैं। रिहा होने के बाद वह कश्मीर क्यों



गए? वह नदिया वापस क्यों आया? उन दोनों ने कल्याणी में मकान किराए पर क्यों लिया? तो क्या उनका कोई और उद्देश्य है? पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कल्याणी पुलिस ने शनिवार की रात मुरातीपुर इलाके में छापेमारी की। नुक्कड़ मोड़ इलाके में सुधीर शील का घर है। उस घर में दो लोग रहते थे। पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली और वहां जाकर उनसे पूछताछ की गई। उनसे उनके भारतीय पहचान पत्र देखने को कहा गया। लेकिन, उनके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि प्रणय जॉयधर बांग्लादेश के बारिसल का रहने वाला है। मोहम्मद सोहाग मीर का घर मदारीपुर में है। खुलासा हुआ कि मोहम्मद सोहाग मीर को चार महीने पहले इसी तरह बशीरहाट थाने में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, रिहा होने के बाद वह कश्मीर चला गया। कश्मीर से लौटकर वह कल्याणी में रहने लगा। जांचकर्ता इसी बारे में सोच रहे हैं, युवक कश्मीर क्यों गया? बिना कागजात के इतने महीनों तक घुसपैठिया भारत में कैसे रहा? वे एक दूसरे को कितने दिनों से जानते हैं?

### कुणाल घोष ने मुख्यमंत्री ममता की तुलना सुभाष चंद्र बोस से की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ की। कुणाल घोष ने मुख्यमंत्री की केवल तारीफ ही नहीं की, बल्कि उन्होंने उनकी तुलना नेताजी सुभाष चंद्र बोस से की। कुणाल घोष ने कहा कि कांग्रेस राजनीति में भी देखती है, सच कहें तो अलग पार्टी बनाने पर भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी दलगत राजनीति में सफल नहीं हो सके। वह एक ऐतिहासिक क्रांतिकारी हैं। लेकिन वह संसदीय राजनीति में एक पार्टी बनाने में विफल रहे हैं। कुणाल घोष यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि प्रणब मुखर्जी पार्टी को खड़ा करने में असफल रहे हैं। परिणामस्वरूप, अगर कोई बंगाल की धरती पर अपनी अलग पार्टी बनाने में सफल हुआ है, तो वह केवल ममता बनर्जी हैं।

# मालदह के तृणमूल नेता की हत्या मामले में दो लापता आरोपितों पर इनाम घोषित

**मालदह :** जिले के तृणमूल नेता बाबला सरकार की हत्या के दो मुख्य आरोपितों को ढूंढ़ने के लिए पुलिस ने शनिवार की देर रात इनाम की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल नेता बाबला सरकार की हत्या के दो मुख्य आरोपित बबलू यादव (31) और कृष्णा रजक (30) उर्फरोहन अभी भी फरार हैं। जांच में पता चला है कि झलझलिया रेलवे बैरक कॉलोनी निवासी रोहन और महानंदा कॉलोनी इलाके का बब्लू हत्या की साजिश में मुख्य खिलाड़ी थे। रोहन को अपराध के पीछे का मास्टरमाइंड होने का संदेह है। पुलिस ने घोषणा में कहा है कि दोनों आरोपितों की जानकारी देने वाले को दो लाख रुपये का नकद इनाम




मिलेगा। मालदह पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपितों की तस्वीर के साथ यह घोषणा की है। तृणमूल नेता की हत्या के मामले में पुलिस अब तक कई आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन दो मुख्य आरोपित अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि गत दो जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष और मालदह जिले के पार्षद बबला सरकार रोज की तरह इंग्लिश बाजार के निमाई सराय इलाके में अपनी दुकान पर जा रहे थे। उसी समय उनका पीछा करते हुए कुछ बदमाशों ने दुकान में घुसकर उन पर फायरिंग कर दी जिसकी वजह से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## कोर्ट परिसर में दुष्कर्म पीड़ता को मिली धमकी

# न्यायाधीश ने पुलिस को नाबालिग और उसकी मां की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोर्ट परिसर में दुष्कर्म पीड़िता को धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म पीड़िता अपने सौतेले पिता के खिलाफ कोर्ट में गवाही देने पहुंची थी। आरोप है कि कोर्ट में ही सौतेले पिता के दो दोस्तों ने उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को इस घटना को लेकर उत्तर 24 परगना के बनगांव कोर्ट परिसर में हंगामा मच गया। आखिरकार जब वह पीड़िता न्यायाधीश के सामने गवाही देने के लिए खड़ी हुई तो वह फूट फूट कर रोने लगी। सरकारी वकील समीर दास ने बताया कि लडक़ी को कोर्ट रूम से बाहर ले जाया गया और रोने का कारण जानने के लिए कहा गया।



जब उसने धमकी की बात बताई तो इसे न्यायाधीश ने गंभीरता से लिया। कोर्ट परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई इसमें देखा गया कि दो लोग पीड़िता को धमकी दे रहे थे। इस पर ही न्यायाधीश ने पुलिस को नाबालिग और उसकी मां की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस का कहना है कि इसकी व्यवस्था की जा रही है।

# रात में फिर बंद हुआ मां फ्लाईओवर, होगी मरम्मत कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** रात में फिर बंद हुआ मां फ्लाईओवर।फ्लाईओवर का रखरखाव का काम रात में किया जाएगा। इसीलिए ये फैसला लिया गया है। ये मैसेज कोलकाता पुलिस की तरफ से आया है। यह मां फ्लाईओवर कोलकाता के एक हिस्से को ईएम बाईपास से जोड़ने में बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, यह फ्लाईओवर पूरी तरह से बंद नहीं होगा । कोलकाता पुलिस ने जानकारी दी है कि मां फ्लाईओवर रोड पर काम किया जाएगा।यह रखरखाव हर रात किया जाएगा। इसलिए उस हिस्से में फ्लाईओवर और सड़क रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी जिसके चलते वहां से कोई भी वाहन नहीं चलेगा। रात में फ्लाईओवर का रखरखाव केएमडीए द्वारा किया जाएगी लेकिन ये कितने दिन काम करेगा? उस पर कोई जानकारी नहीं मिली। फिलहाल वह सेक्शन हर रात बंद रहेगा।यही संदेश दिया गया है। एजेसी बोस-मां फ्लाईओवर से ईएम बाईपास तक जाने के लिए वाहनों को फिलहाल सेवन प्वाइंट क्रॉसिंग, दरगा रोड, ब्रिज नंबर चार, पीसी कनेक्टर रोड से जाना होगा। दिन में ट्रैफिक कंट्रोल नहीं होता।

**Name Change**

I, Adarsh Kumar Pandey, residing at 9/1A, R.N.S. Lane, Kolkata-700007, do hereby solemnly affirm and declare that Adarsh Kumar Pandey and Adarsh Kr. Pandey identically refer to me is one and same identical person via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate Kolkata dated 30th December 2024.

# निको पार्क के सामने से हथियार के साथ तीन गिरफ्तार, डकैती की थी योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में पुलिस-प्रशासन सुपर एक्टिव है। निको पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने से तीन लुटेरे गिरफ्तार किए गए। दक्षिण विधाननगर थाने की पुलिस यह सब पता



लगाने में जुटी है। शनिवार रात दक्षिण विधाननगर थाने की पुलिस गाड़ी निको पार्क के सामने गश्त कर रही थी। उस समय उस सड़क पर कई लोग संदिग्ध अवस्था में घूमते दिखे। बाद में दक्षिण विधाननगर थाने की पुलिस गश्ती गाड़ी को देख कई लोग भाग गए। पुलिस ने पीछा कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम राजू चंद्रा (32) है। वह टेंगरा का रहने वाला है। आरिफ पाइक (40) डायमंड हार्बर और जयदेव चक्रवर्ती (26) सेक्टर फाइव का रहने वाला है। आरोपियों के पास से कई धारदार हथियार, रॉड रस्सियां बरामद की गईं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों से पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वे डकैती करने के लिए इलाके में इकट्ठा हुए थे पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ डकैती समेत कई श्रेणियों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्हें रविवार को विधाननगर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शेयर बाजार में निवेश कर कम समय में अधिक मुनाफा पाने का लालच देकर ठगी की गई। बिधाननगर निवासी मलय कुमार रॉय धोखाधड़ी के शिकार हुए। विधाननगर साइबर पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी गिरोह के दो



आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पीयूष अग्रवाल और श्याम अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विधान नगर निवासी मलय कुमार रॉय ने शनिवार को विधान नगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत की कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर उनसे 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। सोशल मीडिया साइट से उनकी दोस्ती हो गई। इसके बाद, उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया। उस समूह में उन्हें विभिन्न प्रकार से लाभ पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। फिर उस शख्स ने 24 लाख का निवेश किया। फिर एक और वेबसाइट बनाई जाती है जहां सभी निवेशक देख सकते हैं कि उनके खाते में कितना पैसा आ रहा है या उन्हें कितना पैसा मिल रहा है। लेकिन वह पैसा किसी भी तरह से खाते में ट्रांसफर नहीं हो रहा था। तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है। शिकायत के आधार पर विधाननगर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। विभिन्न स्रोतों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार कोलकाता के शेवडाफुली और हावड़ा इलाके में छापेमारी कर पीयूष अग्रवाल और श्याम अग्रवाल नाम के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार लोगों को रविवार को बिधाननगर अदालत ले जाया गया।पुलिस का दावा है कि पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर उसकी तलाश करेगी।



# ग्रामीण भारत में सबसे आगे बंगाल, केंद्रीय रिपोर्ट में ममता के जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार और घरेलू उपभोग में वृद्धि के मामले में बंगाल ने पूरे देश को पीछे छोड़ दिया है। केंद्र सरकार की नई हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, बंगाल में ग्रामीण परिवारों का उपभोग राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक बढ़ा है। इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की योजनाओं, जैसे लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री, को दिया गया है। जहां देश में औसतन उपभोग वृद्धि दर 3.5 फीसदी है, वहीं बंगाल में यह 5.39 फीसदी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ममता बनर्जी की योजनाओं के तहत सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसे पहुंचने से ग्रामीण परिवार अब सिर्फ चावल और दाल तक सीमित नहीं हैं। उनकी क्रय शक्ति बढ़ने से मछली, मांस, दूध जैसे खाद्य पदार्थों के साथ-साथ टीवी, फ्रिज और मोबाइल फोन जैसे स्थायी उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद भी बढ़ी है। लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री, कृषक बंधु और वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं ने बंगाल के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। बंगाल की योजनाओं से प्रेरित होकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली सहित कई राज्यों ने ऐसी ही योजनाएं शुरू की हैं। यहां तक कि भाजपा शासित राज्यों को भी ममता की योजनाओं का अनुसरण करना पड़ा है। केंद्रीय रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग तीन हजार 860 से बढ़कर चार हजार



247 हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह वृद्धि 3.5 फीसदी है, जबकि बंगाल में यह 5.39 फीसदी तक पहुंच चुकी है। यह दर्शाता है कि नकद सहायता योजनाएं ग्रामीण बाजारों में आर्थिक गतिविधियों और मांग को बढ़ाने में सफल रही हैं। यह रिपोर्ट ममता बनर्जी की नीतियों की सफलता को रेखांकित करती है और यह साबित करती है कि उनका जनकल्याणकारी दृष्टिकोण बंगाल के विकास का मजबूत आधार है।

## ममता सरकार ने सुधारा राज्य का स्वास्थ्य सेवा, एक दशक में 1.5 लाख करोड़ का निवेश



राज्य सरकार ने खुद बंगाल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए भारी निवेश किया है। जैसे-जैसे नया साल आ रहा है, आंकड़े बताते हैं कि अकेले राज्य ने पिछले दशक में स्वास्थ्य क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह जानकारी राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसे जानकार हलकों ने काफी सराहनीय माना है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 12 साल में ममता के कार्यकाल में राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 11 से बढ़कर 35 हो गई है।एमबीबीएस में सीटों की संख्या सिर्फ 1300 थी। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से अब यह 5000 से अधिक हो गई है। इसके अलावा दूरदराज के इलाकों में त्वरित इलाज के लिए कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। ब्लॉक स्तर के अस्पतालों के ढांचागत विकास के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि की गई है। सरकार की ओर से 'स्वास्थ्य साथी' कार्ड के माध्यम से प्रत्येक परिवार को चिकित्सा खर्च के लिए अधिकतम 5 लाख रुपये मिलते हैं। इसका लाभ राज्य के 2.5 करोड़ परिवारों को मिला है।निःशुल्क रोग परीक्षण हेतु प्रदेश में 160 इकाईयां स्थापित की गई हैं। राज्य के सभी अस्पतालों में उचित मूल्य की दवा दुकानें स्थापित की गई हैं। इन स्टोर्स पर जेनेरिक दवाएं 60 से 70 फीसदी डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि ऐसे कदमों से स्वास्थ्य क्षेत्र की सेवाओं में आमूल-चूल बदलाव आया है जिसके पीछे पिछले 10 वर्षों में राज्य सरकार की निवेश राशि डेढ़ लाख करोड़ है।

## राज्य में फिर होगी शिक्षकों की भर्ती, स्थिति पर मांगी गई रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में फिर से शिक्षकों की भर्ती की तैयारी शुरू हो गई। शिक्षा विभाग ने राज्य के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के स्कूलों में छात्रों की संख्या और रिक्तियों से लेकर कई विषयों पर जानकारी मांगी थी। शिक्षा विभाग ने अभी तक शिक्षकों की नियुक्ति की जानकारी नहीं दी है। सूत्रों के मुताबिक, पांचवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक प्रत्येक कक्षा में कक्षावार छात्रों की संख्या कितनी है? किसी विद्यालय में शिक्षकों एवं शिक्षा कर्मचारियों की संख्या कितनी है? किसी स्कूल में कितनी रिक्तियां हैं? शिक्षा विभाग ने सभी मुद्दों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक विस्तृत रिपोर्ट प्रत्येक स्कूल के प्रधानाध्यापक और प्रत्येक जिला स्कूल के स्कूल निरीक्षक को



निर्देशित की जाती है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक, स्कूलों को यह खबर भेजने का निर्देश दिया गया है कि किस माध्यम से, किस विषय में, स्कूलों में कितने पद रिक्त हैं और इसकी विस्तृत जानकारी भी भेजी जाए। स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक यह सूची शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों के रिक्त पदों की सूची जानने और जिन स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षक हैं, उनमें फेरबदल करने के लिए मांगी गई है।

## गौड़ीय मिशन ने कंप्यूटर मशीन से आंखों के निःशुल्क परीक्षण का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** गौड़ीय मिशन बागबाजार, कोलकाता द्वारा बांकुड़ा जिला अंतर्गत अकेड़ा गांव के चतुर्दश शिव मंदिर उन्नयन कमेटी में 4 जनवरी को आंखों के निःशुल्क परीक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोलकाता के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशोभन नंदी ने 120 जरूरतमंद लोगों की आंखों का परीक्षण किया। उनमें से 60 लोगों को मुफ्त चश्मे प्रदान किए जाएंगे, जबकि अन्य को मुफ्त में दवाइयां दी गईं। यह सेवा सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रही। कार्यक्रम गौड़ीय मिशन के सचिव भक्ति प्रमोद पुरी महाराज के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनंत प्रभु ने महत्वपूर्ण प्रयास किया उनके प्रयास से यह कार्यक्रम सफल हो सका। मिशन की इस पहल को स्थानीय निवासियों और लाभार्थियों से भरपूर सराहना मिली।

## महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज के रेलवे स्टेशन अद्भुत कलाकृतियों से सजे

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने महाकुंभ 2025 के भव्य आयोजन के मद्देनजर प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को निखारने के लिए एक अनूठी पहल की है। पेंट माई सिटी अभियान के तहत प्रयागराज के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, जैसे प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी, रामबाग, छिवकी, प्रयागराज संगम और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में बदला गया है। इन स्टेशनों की दीवारों को हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं से जुड़ी भव्य कलाकृतियों से सजाया गया है। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती, और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये चित्र प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर



को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयागराज की ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को भी दर्शाती है। रेलवे की यह कोशिश प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और अधिक स्पष्ट करती है, जिससे लाखों श्रद्धालु और पर्यटक इस शहर की सांस्कृतिक गहराई को अनुभव कर सकें। इन कलाकृतियों के माध्यम से रेलवे ने महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव तैयार किया है। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं का स्वागत करती है, बल्कि उन्हें प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्वता से भी रूबरू कराती है।



भारतीय रेलवे की यह कोशिश कला, संस्कृति और विकास का संगम प्रस्तुत करती है। यह सुनिश्चित करती है कि महाकुंभ 2025 में आने वाले हर व्यक्ति को इस ऐतिहासिक शहर की सांस्कृतिक जीवंतता और आध्यात्मिक धरोहर का संपूर्ण अनुभव मिले।

## बोलपुर में तृणमूल के पंचायत उप प्रधान के घर बमबाजी



**बीरभूम :** बीरभूम जिले में बोलपुर में कंकलीतला ग्राम पंचायत के उपप्रधान मोहम्मद ओहिदुद्दीन उर्फ मामन शेख के घर पर शनिवार की रात करीब 8.15 बजे बमबाजी की घटना घटी। सूचना मिलने पर शांतिनिकेतन थाने की पुलिस मौके पर गई। पुलिस ने एक ताजा बम भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि गत एक जनवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कंकलीतला ग्राम पंचायत के उपप्रधान मोहम्मद ओहिदुद्दीन उर्फ मामन शेख ने अपने हत्या की आशंका जाहिर की थी। घटना के बाद उप प्रधान ने कहा कि लेकबाजार में मेरे घर पर हुए बमबाजी की घटना से मैं और मेरा परिवार काफी भयभीत है। हालांकि, एक बम नहीं फटा। मैंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस को जांच करने दीजिये। अपराधियों को पकड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मालदह में पार्टी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। मैं भी मारा जा सकता हूं। बहरहाल, उप प्रधान के घर हुए बमबाजी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस आरोपितों को ढूंढ रही है।

## हावड़ा स्टेशन निरंतर सुरक्षा निगरानी के साथ बना यात्रियों का भरोसेमंद ठिकाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा स्टेशन को यात्रियों के लिए एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में स्थापित किया गया है, जहां चौबीसों घंटे सघन सुरक्षा निगरानी सुनिश्चित की जाती है। स्टेशन के प्रत्येक कोने और प्लेटफार्मों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था है, जो एकीकृत सुरक्षा निगरानी प्रणाली के माध्यम से केंद्रीय रूप से मॉनिटर किए जाते हैं। हावड़ा स्टेशन पर 220 सीसीटीवी कैमरे, तीन लगेज स्कैनर मशीनें, और 200 सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, जो निरंतर निगरानी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। स्टेशन परिसर के विभिन्न प्लेटफार्मों और क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर चौबीसों घंटे नजर रखते हैं। 200 रेलवे सुरक्षा बल (ठझक्र) कर्मी अलग-अलग शिफ्टों में स्टेशन के हर कोने और प्लेटफार्मों पर गश्त करते हैं। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में निगरानी प्रणाली के मॉनीटर 247 संचालित होते हैं, जिससे स्टेशन क्षेत्र की हर गतिविधि पर करीबी नजर रखी जाती है और रिकॉर्ड किया जाता है। हाल ही में 2 जनवरी 2025 को ड्यूटी पर तैनात एक आरपीएफ कांस्टेबल ने एक पुरुष यात्री को बचाया, जो हावड़ा-तरकेश्वर लोकल ट्रेन में चढ़ने के दौरान संतुलन खो बैठा था। हालांकि, 4 जनवरी 2025 को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक व्यक्ति ने ट्रेन नंबर 12864 डाउन एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस की इंजन की छत पर चढ़कर हाई-वोल्टेज तारों के संपर्क में आकर करंट लगवा लिया। यह घटना व्यक्ति की मानसिक स्थिति अस्थिर होने के कारण हुई। आरपीएफ, जीआरपी और स्टेशन स्टाफ ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उसे हावड़ा जिला जनरल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया। इन घटनाओं ने हावड़ा स्टेशन पर आरपीएफ कर्मियों और रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और सख्त सुरक्षा व्यवस्था को साबित किया है। पूर्व रेलवे सभी से अपील करता है कि वे किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें जो सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हो।

## राम मन्दिर सेवा समिति (कोलकाता) का सप्तम वार्षिक महोत्सव संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राम मन्दिर सेवा समिति, कोलकाता के तत्वावधान में श्याम प्रभु का भव्य दरबार सजाया गया। 'एक शाम दयानिधान के नाम' सप्तम वार्षिक महोत्सव में सुबह से शाम तक श्रद्धालु-भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में बाबा के आलौकिक श्रृंगार ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता व आसपास के क्षेत्रों से पधारी विभिन्न भजन मंडलियों एवं भजन प्रवाहकों ने भजनों की अमृत वर्षा की। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विनोद टंडन, विनोद चौरसिया, शुभम अग्रवाल, यश जायसवाल, संदीप सरावगी, मयंक शर्मा, लक्ष्मण गोयल, विवेक केजरीवाल, पशुपति सील सहित अन्य सभी सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा का स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ जैन एजुकेशन सेंटर काशीपुर के प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर सभा के सदस्यों के बच्चों द्वारा लीग क्रिकेट का आयोजन किया गया। आठ टीमों (नाइट राइडर्स, टैरिफिक ट्राइब, फन ब्लास्टर, वीर हीरोज, स्काई रॉकेट्स, सुपर किंग्स, राइजिंग रॉयल्स, डेयरडेविल्स) में विभक्त इस लीग मैच में लोगों ने उत्साह से भाग लिया। सिद्धार्थ मालू के संयोजन एवं संचालन में खेले गए इस लीग मैच की विजेता टीम वीर हीरोज एवं उपविजेता टीम राइजिंग रॉयल्स रही। स्नेह मिलन के इस




आत्मिक समारोह में अतिथि के रूप में कमल सिंह रामपुरिया, मानिकचंद सेठिया, जय कांकरिया, अवंति कांकरिया, पदमचंद नाहटा, दिनेश बजाज, विश्वभर नेवर, मुरारी लाल खेतान, हिंगलाज दान रतनू, डॉ. सुभाष दुगड़, सी एम बच्छावत, डॉ सिद्धार्थ गुप्ता एवं सभा के पदाधिकारी सरदारमल कांकरिया (सभा अध्यक्ष), पन्ना लाल कोचर, रिधकरण बोथरा, सुरेंद्र बांठिया, विनोद मिन्नी, बिनोद कांकरिया, अशोक मिन्नी (मंत्री), प्रदीप पटवा, ललित कांकरिया, अरुण मालू, मनोज बोथरा, जयदीप पटवा, अशोक बोथरा, सी. पी. डागा के साथ साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एल्यूमीनियम तीसरी रेल के माध्यम से सेंट्रल और श्यामबाजार को मिला सबस्टेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने स्टील तीसरी रेल के स्थान पर अत्यधिक प्रवाहकीय एल्यूमीनियम तीसरी रेल की स्थापना के लिए पहला मील का पत्थर हासिल कर लिया है। यामबाजार और सेंट्रल स्टेशन के बीच डाउन लाइन इस खंड की चार किलोमीटर लंबाई लगभग पूरी हो गई है। एल्युमीनियम तीसरी रेल डीएन लाइन (कवि सुभाष की ओर) में श्यामबाजार, शोभाबाजार-सुतानुति, गिरीश पार्क और महात्मा गांधी रोड स्टेशनों पर किया गया है। इससे पहले कोलकाता मेट्रो ने सितंबर से नवंबर 2024 के महीने में गिरीश पार्क, मैदान साइडिंग और सेंट्रल मेन लाइन जैसे विभिन्न खंडों में परीक्षण किया था। दिसंबर 2024 में काम पूरी गति से शुरू हो गया है। दिसंबर 2024 में लगभग 3500 मीटर रेल को बदला गया है। अब हर महीने लगभग 4000 मीटर



रेल को बदलने का लक्ष्य रखा गया है अगस्त, 2025 के भीतर पूरा करने के लिए। इससे पहले, शनिवार की रात को पावर ब्लॉक लेकर रेल को बदला जा रहा था। अब कार्यदिवसों में भी प्रतिस्थापन किया जा रहा है। प्रतिस्थापन कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दिन का काम पूरा होने में देरी से सुबह यातायात बाधित हो सकता है। यह अत्यधिक प्रवाहकीय एल्यूमीनियम तीसरी रेल अपनी बेहतर विद्युत चालकता के कारण सिस्टम वोल्टेज ड्रॉप और उसके बाद होने वाली ऊर्जा हानि को कम करेगी। तीसरी रेल में यह कम वोल्टेज ड्रॉप चलने वाली मेट्रो की तेज गति प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे मेट्रो परिचालन की दक्षता में सुधार होगा। इस नई प्रणाली में भारी मात्रा में ऊर्जा की बचत होगी जिससे मेट्रो रेलवे को अपनी परिचालन लागत कम करने में मदद मिलेगी। परिणामस्वरूप, इस परिचालन लागत को बचाकर इस तीसरी रेल को बदलने का पूरा खर्च तीन साल के भीतर प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एल्युमीनियम तीसरी रेल अपने जीवनकाल में कार्बन उत्सर्जन को 50000 टन तक कम कर देगी। इसके अलावा, एल्युमीनियम तीसरी रेल को कम रखरखाव की आवश्यकता होगी और यह अत्यधिक विश्वसनीय और स्थिर होगी।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मन-मानस पवित्र होता है : भागवताचार्य दामोदर प्रसाद शर्मा



**कोलकाता, समाज्ञा :** भागवताचार्य दामोदर प्रसाद शर्मा (मंटू पण्डित) ने माथुरवैश्य भवन में श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर व्यास पीठ से कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय विग्रह है श्रीमद्भागवत कथा। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मन-मानस पवित्र होता है। जीवन में भोजन एवं भजन जरूरी है, प्रभु भक्ति से मानव जीवन सार्थक है। अपने आशीर्वचन में माथुरवैश्य समाज के धार्मिक आयोजन, सामाजिक सेवा कार्यों के प्रति कर्तव्य निष्ठा की सराहना करते हुए कहा बच्चों, युवा वर्ग में संस्कार निर्माण के उद्देश्य से अनुकरणीय है। हवन, यज्ञ, पूर्णाहुति एवं भागवत भगवान की है। भक्तिमय वातावरण में समाजसेवी राजेन्द्र गुप्ता, अंकित गुप्ता (कपूरवाले), सतीश (सीताराम) गुप्ता, सुरेश - मंजू कौशल, प्रवीण (टिंकू) गुप्ता, नाथूराम गुप्ता, हरेन्द्रनाथ गुप्ता, राजीव कौशल, अनूप गुप्ता, प्रदीप - प्रवीण गुप्ता, रोहित (लाला), महेन्द्र, संध्या, नीता, रजनी, अनीता, आशा, कुमकुम, प्रीति, सरला, जयराज, सुनील, सुभाष, पवन, अजय (फिरपो), गोविन्द, मुकेश, रजनीश एवं श्रद्धालु भक्तों ने व्यास पीठ का पूजन किया।

## सेवा से बड़ी कोई साधना नहीं : बनवारी लाल सोती

❑ **एसोसिएटड चैरिटेबल ट्रस्ट के शिविर में 689 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में जितनी धार्मिक संस्थाएं हैं अगर वे सभी सेवाधर्म निभाते हुए दीन-हीन जरूरतमंद लोगों की निःस्वार्थ सेवा में जुट जायें तो काफी लोग लाभान्वित होंगे और मेरी दृष्टि में मानवता की इस सेवा से बड़ी कोई साधना नहीं होगी। यह बातें एसोसिएटेड चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले पूर्व मेदिनीपुर में साकेत कोलाघाट की व्यवस्था में रविवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट इलाके में आयोजित निःशुल्क आंख जांच शिविर में उपस्थित ट्रस्ट के प्रमुख बनवारीलाल सोती ने कही। उन्होंने यह कहा कि आज भी ग्रामीण और सुदूर अंचलो में सेवा की नितांत आवश्यकता है और हम अगर सेवा के प्रति संकल्पित हैं तो हमें जहां जरूरत है वहां जाकर सेवा करनी चाहिए। सोती ने नेत्र रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा और रक्त की आवश्यकता पर रक्त उपलब्ध करवाने जैसी निः




शुल्क सेवाओं को महान परोपकार का कार्य बताया। उन्होंने बताया कि एसोसिएटेड चैरिटेबल ट्रस्ट और सोती चैरिटेबल ट्रस्ट 25 वर्षों से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा के महायज्ञ में लगा हुआ है और अब तक लगभग एक लाख से अधिक निःशुल्क नेत्र परीक्षण, 65 हज़ार से ज्यादा चश्मा वितरण और 7040 निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवा चुका है। आज के इस शिविर में कोलकाता के एमपी बिड़ला आई क्लिनिक के चिकित्सकों ने 689 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। यह जानकारी देते हुए अनुपम शर्मा ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि इस 24वें शिविर में जिन लोगों के आंख की जांच की गई उसमें 160 लोग ऑपरेशन योग्य पाए गए, जबकि 372 लोगों को चश्मों की आवश्यकता है। उन्हें आगामी 26 जनवरी को चश्मा दिया जाएगा और 20 एवं 21 जनवरी को प्रियम्वदा बिरला अरविंद आई हॉस्पिटल में जिनके ऑपरेशन की आवश्यकता है उनका ऑपरेशनल ट्रस्ट की तरफ से कराया जाएगा। इस मौके पर असीम दास, पार्थसारथी घोष, शुभांकर बोस, संदीप हाजरा, दिपेन्दु गुहा, किंशुक हाइत, शांतनु सरकार, विनय सिंह, शक्तिश्वर दे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित लोग थे।

## चितपुर डिपो की पिट लाइन का विस्तार कार्य सफलतापूर्वक हुआ पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के चितपुर डिपो ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिट लाइन नंबर 1 और 2 के विस्तार कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। पहले ये पिट लाइनें प्रत्येक 22 एलएचबी कोच तक समायोजित कर सकती थीं, लेकिन अब इन्हें 42 मीटर तक बढ़ा दिया गया है, जिससे इनकी क्षमता बढ़कर 24 एलएचबी कोच हो गई है। इस बुनियादी ढांचे के विकास से लंबी रेक के संचालन में सुविधा होगी और यात्रियों के लिए सेवाओं में लचीलापन बढ़ेगा। इस विस्तार के साथ, चितपुर डिपो की पिट लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है, जो बढ़ती ट्रेन सेवाओं की मांग को पूरा करने और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही, विस्तारित पिट लाइनों से रखरखाव के कार्यों को सुगम और प्रभावी ढंग



से पूरा किया जा सकेगा। इससे डाउनटाइम कम होगा, टर्नअराउंड समय में सुधार होगा, और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। विस्तारित पिट लाइनों का ट्रायल रन भी सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, जो उनके संचालन के लिए तैयार होने का प्रमाण है। इससे उन्नत रेक पर रखरखाव कार्य तुरंत शुरू किया जा सकता है, जिससे रेल सेवाएं अधिक मजबूत और प्रभावी बनेंगी। यह पहल पूर्व रेलवे की आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने, संसाधनों का अनुकूलन करने और यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। चितपुर डिपो इन उद्देश्यों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और रेलवे नेटवर्क में और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने चलाया सघन टिकट चेकिंग अभियान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने शनिवार शाम को सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उदय शंकर झा के निर्देशानुसार और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुदेव भट्टाचार्य के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में वाणिज्य अधिकारियों, निरीक्षकों, टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मालदह टाउन स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य टिकटिंग नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान 132 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे कुल 46,130 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान के बाद मालदह टाउन स्टेशन के काउंटरों पर टिकट बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। मालदह मंडल यात्रियों को एक अनुशासित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के नियमित टिकट चेकिंग अभियान अवैध यात्रा पर रोक लगाने के साथ-साथ रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

## सियालदह-बनगांव सेक्शन में व्यापक टिकट चेकिंग, डेढ़ लाख से अधिक का वसूला जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने सियालदह-बनगांव सेक्शन में व्यापक टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशि रंजन कुमार ने किया, जिन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पवन कुमार और सियालदह के डीआरएम दीपक निगम का मार्गदर्शन प्राप्त था। इस अभियान के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने विभिन्न ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की। इस सघन निरीक्षण में 588 मामलों का पता चला, जिनमें बिना टिकट यात्रा, अनुचित टिकट और बिना बुक किए गए सामान के मामले शामिल थे। इन उल्लंघनों के लिए कुल 1,57,755



रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिससे रेलवे के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट खरीदने के महत्व के बारे में शिक्षित करना भी था। रेलवे ने डिजिटल टिकटिंग प्लेटफॉर्म, जैसे मोबाइल पर यूटीएस ऐप, एटीवीएम और क्यूआर कोड स्कैनर के उपयोग को बढ़ावा दिया। इन सेवाओं से यात्रियों को आसान, समय बचाने वाली, और पेपरलेस यात्रा का अनुभव प्राप्त होता है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक निगम ने सभी यात्रियों से रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अधिकृत चैनलों के माध्यम से वैध टिकट खरीदने की अपील की। सियालदह मंडल यात्रियों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा का वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बंगाल भाजपा 2026 के लक्ष्य के साथ पुराने कार्यालय मुरलीधर सेन पर लौटने की कर रही है तैयारी

**✒ पार्टी नेतृत्व ने समझा पुराने कार्यालय का महत्व!**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की भाजपा फिर से अपने पुराने कार्यालय, 6 नंबर मुरलीधर सेन लेन, को लौटने की तैयारी कर रही है। कभी इस छोटे से भवन से बंगाल भाजपा की यात्रा शुरू हुई थी। जैसे-जैसे पार्टी का विस्तार हुआ, उसने 2023 में सॉल्टलेक के सेक्टर-5 में एक नए, बड़े और आधुनिक कार्यालय में स्थानांतरित होने का फैसला किया। लेकिन अब,



पार्टी नेतृत्व मानता है कि पुराने कार्यालय से जुड़ा 'सौभाग्य' ही पार्टी की सफलता की कुंजी था।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बंगाल में 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। यह ऐतिहासिक सफलता मुरलीधर सेन लेन स्थित कार्यालय से हुई पार्टी की सक्रियता और रणनीतियों का परिणाम थी। यहां तक कि 2021 के विधानसभा चुनाव में, सत्ता में न आने के बावजूद, पार्टी ने अपनी सीटें तीन से बढ़ाकर 77 कर ली थीं। लेकिन, 2023 में सॉल्टलेक स्थानांतरित होने के बाद से पार्टी का प्रदर्शन लगातार गिरता गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें घटकर 11 रह गई। इसी के चलते, भाजपा नेतृत्व अब आगामी 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले पुराने कार्यालय में लौटने पर विचार कर रहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 2019 और उससे पहले के चुनावी परिणामों में मुरलीधर सेन लेन कार्यालय हमारी सफलता का गवाह रहा है। सॉल्टलेक स्थानांतरित होने के बाद से हमारी पार्टी का प्रदर्शन गिरा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेता भी सॉल्टलेक कार्यालय की बजाय मुरलीधर सेन लेन में बैठक करने में अधिक सहज महसूस करते हैं। यहां तक कि हाल के दिनों में पार्टी के राज्य अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कई बार पुराने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की हैं। वहीं, स्थानीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि, पुराना अनुभव और जगह का महत्व समझ आ गया है। मुरलीधर सेन लेन में लौटकर ही पार्टी 2026 के लक्ष्य को हासिल कर सकती है। अब देखना यह है कि भाजपा का यह कदम क्या उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में बेहतर परिणाम दिला पाएगा।

## रिसड़ावासियों को मिलेगी ट्रॉमा केयर एम्बुलेंस की सौगात : विजय सागर मिश्रा

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के रिसड़ा नगरपालिका के 19 नंबर वार्ड में पूर्व पार्षद चंद्रमणी सिंह की स्मृति में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में शिरकत करने आए रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल फल फूल रहा है। यहां सभी धर्म जाति के लोगों का सम्मान होता है। हिंदी भाषियों को सम्मान मिलता है। आगे उन्होंने कहा कि रिसड़ावासियों को 50 बेड के अस्पताल के साथ ट्रॉमा केयर एम्बुलेंस की सौगात इस वर्ष में मिलने वाली है। रिसड़ा में ट्रॉमा केयर एम्बुलेंस आने से रिसड़ा वासियों को ही नहीं आस-पास के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। आपात स्थिति में गंभीर से गंभीर




हालत में मरीज को कोलकाता ले जाया जा सकेगा। इस दिन, दिवंगत पूर्व पार्षद चंद्रमणी सिंह की पार्षद पत्नी साधना सिंह और उनके पुत्र विशाल सिंह ने तकरीबन 700 जरूरतमंदों में कंबल वितरित किए। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक डॉ सुदीप्त राय, विधायक अरिंदम गुइन, रिसड़ा नगरपालिका के वाईस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा, उषा देवी साव, प्रकाश साव, समाजसेवी अनिर्वाण चक्रवर्ती, अभिजीत दास, पार्थ सारथी गुप्ता समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विधायक अरिंदम गुइन ने कहा कि पेड़ की एक भी शाखा सूखनी नहीं चाहिए। क्योंकि भाजपा सिर्फ भ्रम फैलाने और धर्म की घृणित राजनीति करके लोगों को बांटने का काम करती है। 2026 विधानसभा चुनावों में विरोधी शून्य होने चाहिए। इधर, स्वर्गीय पार्षद के पुत्र विशाल सिंह ने कहा कि उनके पिता की कमी उन्हें हमेशा खलती है लेकिन उनके दिखाए मार्ग पर वे चल रहे हैं। इसलिए 365 दिन लोगों के दुःख सुख में उनके साथ रहते है। जन सेवा ही उनके जीवन का लक्ष्य है। कोई गरीब ठंड से न ठिठुरे इसलिए कंबल का वितरण किया गया।

## ट्रेन पर चढ़ा व्यक्ति हाईवोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आया, गंभीर रूप से घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के न्यू कॉम्प्लेक्स में एक व्यक्ति ट्रेन के ऊपर चढ़ गया और तेज करंट लगने के कारण बुरी तरह झुलस गया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, उस व्यक्ति का नाम शंभू कुमार यादव (37) है और वह झारखंड के बोकारो का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को 17 नंबर प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। हाईवोल्टेज बिजली के तारों के चपेट में आते ही उसके पूरे शरीर में आग लग गई और यह दृश्य देखकर यात्री सकते में आ गए। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवान तुरंत सक्रिय हो गए और फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने में सफल रहे। रेल पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल को गंभीर हालत में हावड़ा जिला



अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह व्यक्ति ट्रेन के ऊपर कैसे चढ़ा। प्रारंभिक जांच के अनुसार रेल पुलिस का अनुमान है कि वह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ था। खबर मिलने पर उसके परिवार के सदस्य उसे एम्बुलेंस के जरिए बोकारो ले गए और अस्पताल में भर्ती कराया।

## लिलुआ में हथियारों से भरे एक बैग के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ में हथियारों से भरे एक बैग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बिश्वजीत नस्कर उर्फ बिसे (40) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, 4 जनवरी की रात को एक गुप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति लिलुआ थानांतर्गत कुंदुरमठ इलाके में नायलॉन के बैग में हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर, लिलुआ आउटपोस्ट के एसआई पप्पू यादव अपनी टीम के साथ रवाना हुए। कुंदुरमठ पहुंचने पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें नायलॉन के बैग में छिपाए गए दो देसी, लोहे से बने



सिंगल शॉटर पाइप गन और दो खाली कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस घटना के संबंध में विशेष मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को सात दिनों की पुलिस हिरासत की मांग के साथ सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## महेशतला में चावल व्यवसायी का लॉरी में लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतला के रविन्द्रनगर थाना इलाके में रविवार की सुबह एक गाड़ी में एक व्यक्ति का शव लटकता हुआ मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत व्यक्ति की पहचान महेशतला नगरपालिका के वार्ड 7 के निवासी उत्तम साव (38) के रूप में हुई है। वह पेशे से चावल व्यवसायी थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उत्तम साव के पास एक छोटी सी लॉरी है। उस लॉरी से चावल अन्य स्थानों पर भेजा जाता था। परिजनों के अनुसार, उत्तम कुमार साव गुरुवार को घर से बर्दवान के लिए निकले थे। शुक्रवार तक उनसे फोन पर संपर्क किया गया था। लेकिन, शनिवार की रात से उनसे संपर्क नहीं हो सका था। आमतौर पर, अगर व्यवसायी अपनी लॉरी अपने घर से कुछ दूरी पर आकड़ा के पास नतून पोल इलाके के बस स्टैंड नंबर 259 में रखा रखता था। लेकिन, इस दिन, सुबह में चावल व्यवसायी का शव वहीं खड़ी लॉरी में मिला। लॉरी के ड्राइवर देबब्रत गिरी ने सबसे पहले इस घटना को देखा। इसके बाद, रवींद्र नगर थाने और उत्तम के घर पर सूचना दी गयी। शव बरामद करने के दौरान पुलिस को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने शीघ्र घटना की जांच कर दोषियों को सजा देने की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बहरहाल यह भी कहा जा रहा है कि व्यवसायी जुआ भी खेलता था और अक्सर लोगों से उधार लेता था हो सकता है कि उसने कर्ज के कारण आत्महत्या की होगी या फिर यह भी आशंका की जा रही है कि लेनदेन के कारण उनकी हत्या कर दी गई हो। फिलहाल, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में बर्दवान पुलिस ने सिंगूर से दो लोग को किया गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** फर्जी दस्ता-वेजों पर पासपोर्ट बनाने के मामले में बर्दवान थाने की पुलिस ने हुगली जिले के सिंगूर से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान गणेश चक्रवर्ती और अनिर्बान सामंत के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपितों को बर्दवान कोर्ट में पेश करने के बाद हिरासत में ले लिया है और उनसे और जानकारी हासिल करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बर्दवान की रहने वाली रिंका दास ने पासपोर्ट के लिए आ-वेदन किया था। उस पासपोर्ट के दस्तावेजों की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रिंका का जन्म प्रमाण पत्र फर्जी है। पुलिस को यह बात उस अस्पताल का सत्यापन करते समय पता चली, जहां प्रमाणपत्र जमा कराया गया था। रिंका से पूछताछ में बर्दवान शहर के स्वरूप रॉय नाम के शख्स का नाम सामने आया। रिंका को पुलिस ने 19 दिसंबर को गिरफ्तार किया। स्वरूप को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि सिंगुर के गणेश चक्रवर्ती और अनिर्बान सामंत ने ये फर्जी सर्टिफिकेट दिए थे। इसके बाद बर्दवान थाने की पुलिस ने सिंगूर में छापेमारी कर जाली दस्तावेज बनाने के आरोप में गणेश चक्रवर्ती और अनिर्बान सामंत गिरफ्तार कर लिया। बर्दवान के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अर्क बनर्जी ने बताया कि दोनों को हिरासत में लेकर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस गिरोह में कोई और भी शामिल है या नहीं।

## आउट्राम घाट में संयुक्त समिति के गंगासागर मेला कैंप कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर तीर्थयात्री संयुक्त समिति के आउट्राम घाट के गंगासागर मेला कैंप कार्यालय-2025 का रविवार को शुभारंभ हो गया। आउट्राम घाट में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगासागर तीर्थयात्री संयुक्त समिति के अध्यक्ष तारकनाथ त्रिवेदी ने कहा कि कोलकाता पहुंचने वाले हर तीर्थयात्री की सुविधा का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर मंचाशीन अतिथियों समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदेव जायसवाल, फेडरेशन ऑफ एशियन ब्रिक्स क्लिन एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, व्यवसायी और




समाजसेवी मनोज सिंह आदर्श ने वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमुख सचिव भरत मिश्रा, मेला प्रभारी मुन्ना मिश्रा, सह सचिव अनिल सिंह, उमा शंकर पांडेय, सह मेला प्रभारी गंगासागर तिवारी और निखिलेश मिश्रा सक्रिय रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में संयुक्त समिति के सभी पदाधिकारियों ने मेले के आयोजन में सरकार के रुख का समर्थन किया। संयुक्त समिति के प्रमुख सचिव भरत मिश्रा ने सभी 54 संस्थाओं को पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह अपने शिविरों के निर्माण में सरकारी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें।

## अंतिम संस्कार में जाने के दौरान डंपर की चपेट में आकर महिला की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलुबेरिया के नीमदिघी मोड़ के पास मुंबई रोड पर शनिवार की दोपहर एक डंपर की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान लीला दत्त महतो (45) के रूप में की घगई है। वह बाउड़िया के काजीरचड़ा इलाके की निवासी थी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महिला अपने पति विकास महतो के साथ एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने कोलाघाट जा रही थी। नीमदिघी में मुंबई रोड पर सिग्नल लाल होने के कारण विकास महतो ने बाइक धीमी कर ली। तभी पीछे से तेजी से डंपर आया और बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गये। डंपर महिला के पेट के ऊपर से




गुजर गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला को उलुबेरिया शरतचंद्र सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर थी। कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। विकास महतो को मामूली चोटें आयीं हैं। इस घटना के बाद इलाके के निवासियों ने निमदिघी में फ्लाईओवर के निर्माण की मांग उठाई है। पुलिस ने हत्यारे डंपर और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## जीवनतला में नौवीं कक्षा की छात्रा का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** घर में हुए झगड़े का गुस्सा बच्चे पर निकला। मां की डांट से नाराज़ होकर नौवीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। उसका शव घर से बरामद हुआ। कैनिंग के जीवनतला थाना क्षेत्र की इस घटना में परिजनों का अनुमान है कि छात्रा ने जहर पीकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए कैनिंग सब-डिविजनल अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। ज्ञात हो कि मृत छात्रा का नाम नसीमा मोल्ला है। उनकी मृत्यु के वर्ष जिबताला के सारेंगाबाद इटखोला हाई स्कूल में चौदह छात्र पढ़ रहे थे। पिता छोटी-छोटी सब्जियों की खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार में उथल-पुथल मच गई। इसी बात को लेकर मां ने अपनी बेटी को डांट



दिया। कथित तौर पर उसकी पिटाई भी की गई। रविवार को उपद्रव के बाद छात्रा को बेहोशी की हालत में घर से निकाला गया। उसे तुरंत कैनिंग सब-डिवीजन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि, मृतक के सहपाठियों के मुताबिक नौवीं से दसवीं कक्षा में एडमिशन के लिए पैसे नहीं जुटा पाने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी। परिवार का अनुमान है कि पिता ने सर्दियों की सब्जियां उगाने के लिए जमीन खाली करने के लिए इस समय कीटनाशकों का भंडार जमा कर लिया था। लड़की ने वह केमिकल पीकर आत्महत्या कर ली। कैनिंग पुलिस ने

## हावड़ा राम जानकी समिति का वार्षिक आम सभा संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा राम जानकी समिति का रविवार को वार्षिक आम सभा मन्नत बैंक्वेट हॉल (बेलिलियस पार्क) में सम्पन्न हुआ। इस वार्षिक आम सभा मे संस्था का आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश किया गया। इस आम सभा मे संस्थापक सदस्य एवं कार्यकारिणी सदस्य भगवान दास जायसवाल ने बढ़ती उम्र एवं स्वास्थ्य कारणों से सक्रियय योगदान से सेवानिवृत्ति की घोषणा की। संस्था द्वारा बरसों से सेवा प्रदान करने हेतु उन्हें कांस्य फलक से सम्मानित किया गया और विगत वर्ष की कार्यकारिणी को ही नये वर्ष के लिए मनोनित किया गया, जिसमें उमेश कुमार जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, ब्रिजेश जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, गंगा प्रसाद जायसवाल, संजय गुप्ता, सहर्ष जायसवाल, अमित जायसवाल, सुमित जायसवाल शामिल है। इस आम सभा में सदस्यगण संस्था के उत्थान हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## तृणमूल कार्यकर्ताओं की पहल पर 300 तीर्थयात्रियों को गंगासागर यात्रा पर भेजा गया



**हावड़ा, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक महत्व-पूर्ण प्रयास के तहत, लगभग 300 तीर्थयात्रियों को गंगासागर यात्रा पर भेजा गया। रविवार सुबह हावड़ा मैदान के मल्लिक फाटक क्षेत्र से राज्य के खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री अरूप राय ने ध्वज लहराकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री अरूप राय ने कहा, पहले कहा जाता था कि सभी तीर्थ बार-बार, गंगास-ागर एक बार। लेकिन अब सरकारी सौंदर्यीकरण के कारण, लोग सालभर गंगासागर जा रहे हैं। यहां तक कि कुंभ मेला से भी ज्यादा लोग अब यहां आ रहे हैं। 29 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर साव ने बताया, हम हर साल पुजारी और बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को बिना किसी खर्चे के गंगासागर भेजते हैं। वहां सागर स्नान के बाद, वे कपिल मुनि आश्रम का दौरा करेंगे। इस पहल का उद्देश्य लोगों के बीच धार्मिक चेतना बढ़ाना है।

## शुरुआत में ही अभिषेक बनर्जी के 'सेवाश्रय' को भारी सफलता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और समाधान के लिए अभिषेक बनर्जी द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र में उद्घाटन किए गए 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर में शनिवार को तीसरे दिन भी भीड़ उमड़ी। अभिषेक के



कार्यालय ने कहा कि उस दिन, 41 स्वास्थ्य शिविरों में 11,388 लोग आए, जो शुक्रवार की तुलना में लगभग पांच हजार अधिक है। इस दिन, 7053 लोगों की जांच की गयी, 6537 लोगों को दवा दी गयी। इसके अलावा, 253 लोगों को शिफ्ट किया गया है। राज्य के 12 मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को रोगी स्थानांतरण सेवाओं के लिए शामिल किया गया है। इधर, अपने ट्वीट में सांसद ने लिखा कि सेवाश्रम वह परियोजना है जो लोगों के दरव-ाजे पर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करती है। इस सेवा कार्य में लोगों का उत्साह और सरकार के प्रयास एकजुट हुए। इस प्रोजेक्ट के जरिए एक बार फिर यह साबित हो गया है कि अगर कुछ बदलना है तो इसकी शुरुआत जमीनी स्तर से करनी होगी।

## पानी में तैरता मिला महिला का अर्धनग्न शव

**पुरुलिया :** पुरुलिया के मानबाजार थाना क्षेत्र के बुधपुर में कंसाई नदी से शनिवार को एक नाबालिग के शव के बाद एक महिला का शव बरामद किया गया। सुबह स्थानीय निवासियों ने एक महिला का शव पानी में तैरता हुआ देखा। सूचना मिलते ही मानबाजार और पुंचा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। महिला का अर्धनग्न शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। यह हत्या है या कुछ और, महिला की मौत को लेकर धुंध अभी भी खत्म नहीं हुई है। किसी के तीव्र क्रोध के कारण इतना दुखद परिणाम होता है?



फिलहाल इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। रात बीतने के बाद महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पानी में तैरने लगा। तभी भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## बिल्डिंग प्लान में धोखाधड़ी के आरोप में दिनहाटा नगरपालिका का एक और इंजीनियर गिरफ्तार

**कूचबिहार :** दिनहाटा नगरपालिका बिल्डिंग प्लान धोखाधड़ी मामले में नगरपालिका के उप सहायक इंजीनियर हरि बर्मन को गिरफ्तार किया गया है। दिनहाटा थाने की पुलिस शनिवार की सुबह से ही बर्मन से लगातार पूछताछ कर रही थी। इसके बाद, उन्हें शनिवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले नगरपालिका के एक और इंजीनियर अर्कप्राव दासगुप्ता को शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, इस मामले में दिनहाटा नगरपालिका के एक कर्मी उत्तम चक्रवर्ती को भी गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामलो में गिरफ्तार आरोपितों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच आगे बढ़ने पर और गिरफ्तारियां हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के



नेतृत्व वाली दिनहाटा नगरपालिका के अध्यक्ष गौरीशंकर माहेश्वरी ने बड़े वित्तीय घोटाले के आरोपों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रारंभिक जांच में व्यापक अनियमितताएं सामने आई, जिसके बाद नगरपालिका ने इंजीनियरों सहित कई कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोप है कि कर्मचारी उत्तम चक्रवर्ती ने फर्जी रसीद जारी करके बिल्डिंग प्लान अनुमोदन के लिए आवेदकों से बड़ी रकम वसूली।

### ट्यूशन से लौट रही कॉलेज छात्रा को अभद्रता, युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक कॉलेज छात्रा को चिढ़ाने और अश्लील इशारे करने के आरोप में एक गिरफ्तार किया गया। यह घटना नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र की है। आरोपी का नाम नासिर अली है। आरोपी को बारुईपुर उपमंडल अदालत में पेश किया गया। शिकायत के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, छात्रा ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। उसी समय आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। कथित तौर पर उस वक्त उन्होंने छात्रा को अपमानित किया और अभद्र इशारे किए। इस घटना के बाद छात्रा चिल्लाने लगी/ सूचना पाकर नरेंद्रपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। घटना की छात्रा ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसके आधार पर नासिर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उत्पात मचाने वाले छात्र से भी बात की।

### बासंती में पिकअप वैन के धक्के से महिला घायल, चालक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती इलाके में एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर में जा घुसी। पिकअप वैन की चपेट में आने से उस घर में रहने वाली एक महिला घायल हो गयी। घटना शनिवार रात दक्षिण 24 परगना जिला अंतर्गत बसंती के शिवगंज इलाके की है। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में पुलिस ने पिकअप वैन के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ है।

### दुर्गापुर में पेड़ पर लटका कंकाल मिलने से फैला दहशत

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के फरीदपुर थाना इलाके में नरकंकाल बरामद होने से दहशत फैल गई। रविवार सुबह गोगला पंचायत के बनग्राम स्थित हनुमान मंदिर के ठीक पीछे कंकाल मिला। फरीदपुर पुलिस ने मौके पर जाकर उसे बरामद कर लिया। यह कंकाल वहां कैसे पहुंचा? जिसे लेकर सवाल उठते रहे हैं। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार की सुबह एक व्यक्ति तालाब पर गया था। उसे वहां एक खोपड़ी लटकी हुई मिलीं यह देखकर वह डरकर वहां से भाग गया। अन्य लोग वहां गए और उन्हें एक पेड़ से एक खोपड़ी लटकी हुई मिली। लौदोहा फरीदपुर थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर पेड़ से खोपड़ी बरामद की। पेड़ के निचले हिस्से में कई हड्डियाँ पड़ी मिलीं। जांचकर्ताओं ने वह सब बरामद कर लिया। वह कंकाल वहां कैसे पहुंचा? उसके बारे में खूब चर्चा हो रही है। शुरुआती तौर पर पुलिस को लग रहा है कि ये आत्महत्या का मामला है। शरीर की मांसपेशियां सड़ जाती हैं और कंकाल बाहर निकल आता है। वह गर्दन से अलग हो गया और बाकी नीचे गिर गया।

### नंदीग्राम में तालाब से महिला का शव बरामदगी मामले में पति गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम के हरिपुर से एक महिला का शव बरामद किया गया। शुरू से ही परिवार ने हत्या का आरोप लगाया। घटना के 24 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी जयंत दास को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय निवासियों ने शनिवार सुबह नंदीग्राम के हरिपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक जलाशय में एक अज्ञात महिला का शव तैरता हुआ बताया। पुलिस ने जाकर शव बरामद किया। बाद में मृत महिला का नाम सामने आया। मालूम हो कि मृतक का नाम पूर्णिमा दास मैती है। महिला के पिता का घर नंदीग्राम के ब्लॉक नंबर 2 के घोलपुकुरिया गांव में है। महिला के पिता के घर वालों ने थाने में शिकायत की। उसके आधार पर नंदीग्राम थाने की पुलिस ने जांच की तो पता चला कि महिला का ससुराल हरिपुर के ग्राम पंचायत क्षेत्र के श्रीगौरी में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पारिवारिक विवाद के कारण महिला की हत्या की गई है। उन्हें नंदीग्राम पुलिस स्टेशन ने गिरफ्तार किया था। नंदीग्राम पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को हल्दिया कोर्ट ले जाया गया।

### मुर्शिदाबाद में कर्ज न चुका पाने के कारण की गृहिणी ने की आत्महत्या

**मुर्शिदाबाद :** पति सऊदी अरब में काम करने गया था।यात्रा के लिए बहुत सारे धन की आवश्यकता थी। इसलिए उन्होंने कर्ज लिया।घर से काम पर निकलने के बाद पति पैसे नहीं भेज रहा है। इसी बीच घर से दुल्हन का लटकता हुआ शव बरामद हुआ।पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, दुल्हन ने आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या की होगी। मुमताज बेगम ने आत्महत्या कर ली। उसके पिता का घर मुर्शिदाबाद के भरतपुर थाने के मिर्धापारा गांव में है।पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। डिबयी भरतपुर गांव के रहने वाले संगीर शेख के साथ रह रही थी।पिछले दिनों पार्टनर अधिक आमदनी की उम्मीद में सऊदी अरब चला गया। तब से मुमताज अपने पिता के घर में ही रहती थी। शनिवार दोपहर उनका लटकता हुआ शव बरामद किया गया। उनका शव एक बंद कमरे में पंखे से लटका हुआ बरामद किया गया। मुमताज को तुरंत बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया। लेकिन कोई आखिरी बचाव नहीं था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दियांइस घटना में अभी तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देशः आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पूरा देश जनजातीय संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा संवाद कार्यक्रम-2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रपति पद पर जनजातीय महिला (द्रौपदी मुर्मू) भारत के गौरव को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दे रही हैं। योगी ने कहा उत्तर प्रदेश का ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से नजदीकी संबंध है। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास का सर्वाधिक समय यहीं व्यतीत किया। यह उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश का जंक्शन है। मां जानकी जनकपुर से हैं। यह बिहार व नेपाल के बीच में पड़ता है। झारखंड बाबा धाम के लिए जाना जाता है। ओडिशा जगन्नाथ भगवान का पावन धाम है। अपनी परंपरा, संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति, श्रद्धा-सम्मान व देश के प्रति निष्ठा का भाव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

### अयोध्या में 11 जनवरी को 11 बजे रामलला का अभिषेक करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या :** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने पर 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन किया जाएगा। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को पहले दिन 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे और उसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्ष मंदिर में भगवान श्री राम के बाल रूप 'रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी।



प्रयागराज में संगम पर नौका विहार का आनंद लेते लोग

## न्यूज इन ब्रीफ

### आगरा में शरारती तत्वों ने मंदिर में रखी मूर्तियां खंडित कीं, नयी मूर्तियां स्थापित की गईं

**आगरा :** आगरा में माहौल खराब करने के लिए शरारती तत्वों ने मंदिर में राधा कृष्ण भगवान की मूर्तियों को खंडित कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि रविवार सुबह के समय पूजा करने पहुंचे लोगों ने जब मूर्तियों को खंडित देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद खंडित मूर्तियों को मंदिर से हटवाकर उनकी जगह नयी मूर्तियां स्थापित की गईं। मौके पर पहुंचे नुनिहाई चौकी प्रभारी सोनू कुमार ने खंडित मूर्तियों को हटवाकर उनकी जगह राधा-कृष्ण की नयीं मूर्तियां स्थापित करवाईं। इस संबंध में थाना एत्मादुद्दौला के प्रभारी देवेन्द्र दुबे ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि रात्रि में शराब के नशे में किसी व्यक्ति ने यह हरकत की। उन्होंने कहा कि मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### राजस्थान में कहीं-कहीं पर घने से अति घना कोहरा

**जयपुर :** राजस्थान में रविवार सुबह कहीं-कहीं पर घने से अति घना कोहरा रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार राज्य में आगामी चार से पांच दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी तीन दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आगामी 10-12 जनवरी को एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राज्य में शनिवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा राज्य के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस, वनस्थली (टोंक) में 6.9 डिग्री दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह अलवर में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 7.9 डिग्री, पिलानी-जैसलमेर में 8.3 डिग्री, डबोक 9.1 डिग्री, धौलपुर में 9.3 डिग्री, चूरू में 9.6 डिग्री, गंगानगर-बीकानेर में 9.8 डिग्री, और अन्य प्रमुख स्थानों पर 10.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 13.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

### बजरी से भरे डंपर ने बाइक सवार दंपत्ति और दो बच्चों को कुचला, चारों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के जालोर जिले के सायला थाना क्षेत्र में रविवार शाम बजरी से भरे एक डंपर ने बाइक सवार दंपत्ति और उनके दो बच्चों को टक्कर मार दी, जिससे चारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि वे कोरा गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तम पुरी, उनकी पत्नी पिंटा देवी, बेटों राज और चिंटू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये सायला हॉस्पिटल की शवगृह में रखवाया गया है।

## अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से चादर चढ़ाई गई



**जयपुर :** अजमेर दरगाह में जारी उर्स के दौरान रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। उन्होंने सिंह द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा। संदेश में सिंह ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने भाईचारे का संदेश दिया।

## सोरेन ने बजट के लिए लोगों का सुझाव मांगने को लेकर 'अबुआ' पोर्टल, मोबाइल ऐप की शुरूआत की

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2025-26 वित्त वर्ष के लिए राज्य के बजट की तैयारी के वास्ते लोगों के विचार जानने के लिए रविवार को एक पोर्टल और मोबाइल ऐप्लीकेशन (ऐप) की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह मंच - अबुआ (खुद का) बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप - नागरिकों, विशेषज्ञों और हितधारकों को बजटीय प्रक्रिया में योगदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, जिससे अधिक समावेशी और उत्तरदायी राजकोषीय योजना सुनिश्चित होगी। पोर्टल और ऐप की शुरूआत करते हुए सोरेन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की प्रतिबद्धता एक ऐसा संतुलित बजट तैयार करने की है, जो राज्य में टिकाऊ, समावेशी और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हुए लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा, 'यह अबुआ (हमारी) सरकार है। हमारा ध्यान ऐसा बजट बनाने पर है जो लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को दर्शाता हो, खास तौर पर ग्रामीण विकास और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में। सभी के लिए बेहतर नतीजे हासिल करने के लिए सबसे मूल्यवान सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा।' सोरेन ने कहा कि 2025-26 के बजट में सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जो झारखंड की रीढ़ है। उन्होंने राजस्व संग्रह तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो विकास और कल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। 'अबुआ बजट' पहल, विशेषज्ञों से लेकर आम लोगों तक के व्यापक प्रतिभागियों से विचार मांगेगी। सोरेन ने कहा कि बजट में संभावित समावेश के लिए सभी सुझावों का गहन विश्लेषण किया जाएगा।

## आमरण अनशन के चौथे दिन प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव से समर्थन मांगा

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से समर्थन मांगा। आमरण अनशन के चौथे दिन किशोर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह इन नेताओं का 'अनुसरण' करने के लिए तैयार हैं और अगर वे (दोनों नेता) उनकी (किशोर की) मौजूदगी के खिलाफ हैं, तो वह अनशन 'वापस लेने' को तैयार हैं। किशोर ने कहा, 'मैं लोगों को बता देना चाहता हूं कि यह आंदोलन गैर-राजनीतिक है और मेरी पार्टी के बैनर तले नहीं किया जा रहा है। कल रात



युवाओं ने युवा सत्याग्रह समिति (वाईएसएस) नाम से 51 सदस्यीय मंच गठित किया है जो इस आंदोलन को आगे बढ़ाएगा और प्रशांत किशोर इसका सिर्फ एक हिस्सा है।' उन्होंने कहा, 'समर्थन देने के लिए सभी का स्वागत है, चाहे वह राहुल गांधी हों जिनके पास 100 सांसद हैं या तेजस्वी यादव जिनके पास 70 से ज्यादा विधायक हैं।' उन्होंने कहा, 'ये नेता हमसे कहीं बड़े हैं। वे गांधी मैदान में पांच लाख लोगों को इकट्ठा कर सकते हैं...ऐसा करने का यही सही समय है। युवाओं का भविष्य दांव पर है। हम एक क्रूर शासन झेल रहे हैं, जो महज तीन साल में 87 बार लाठीचार्ज का आदेश दे चुका है।'' पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने कहा, 'नवगठित वाईएसएस के 51 सदस्यों में से 42 ने कल रात इस अंदोलन को जारी रखने का फैसला किया। वाईएसएस के सभी सदस्य अलग-अलग राजनीतिक संगठनों का हिस्सा हैं। लेकिन वे सभी युवाओं और छात्रों के हित के वास्ते आंदोलन के लिए एकजुट हो गए है।'

## उत्तर प्रदेश के इटावा में दुर्लभ प्रजाति के 528 कछुए बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**इटावा (उप्र) :** इटावा जिले के चौविया क्षेत्र में तस्करी करके बांग्लादेश ले जाए जा रहे दुर्लभ प्रजाति के 500 से ज्यादा कछुए बरामद होने के बाद एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभागीय वन अधिकारी अतुल कांत शुक्ला ने रविवार को बताया कि वन विभाग और वन्य जीव अपराध नियंत्रण दल की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर चार-पांच जनवरी की दरम्यानी रात करीब तीन बजे चौविया थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली राजमार्ग पर कर्री पुलिया पर एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक में बिजली के सामान के बीच छुपाकर रखी गयी 16 बोरियों में भरे सुंदरी प्रजाति के 528 दुर्लभ कछुए बरामद किये गये। संयुक्त टीम ने ट्रक पर सवार तस्कर गिरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। शुक्ला ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह बरामद कछुओं को दिल्ली से पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश ले जा रहा था, जहां इन कछुओं की खासी मांग है।

## न्यूज अपडेट

### बलिया में किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले की एक अदालत ने 15-वर्षीया नाबालिग किशोरी को अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने के एक वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को शनिवार को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अभियोजन विभाग के प्रभारी संयुक्त निदेशक पी एन स्वामी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने शनिवार को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी विक्की को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। स्वामी ने घटना के संदर्भ में बताया कि जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15-वर्षीया किशोरी को उसी के गांव के विक्की ने सात नवम्बर 2023 की रात को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया तथा उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर विक्की के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

### मेरठ में गोकशी रोकने में नाकामी के आरोप में तीन उपनिरीक्षकों समेत सात पुलिसकर्मी निलंबित

**मेरठ (उप्र) :** मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने गोकशी की घटनाओं को रोकने में नाकाम रहने के आरोप में सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसएसपी विपिन ताडा ने सकौती पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक अजीत सिंह, उप निरीक्षकों (प्रशिक्षणाधीन) वरूण कुमार व सचिन बाबू, हेड कांस्टेबल अभिषेक कुमार व राहुल कुमार और कांस्टेबल सद्दाम व प्रताप को निलंबित कर दिया है। जिले में सभी थाना प्रभारियों को गोकशी पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं और इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई गोकशी नहीं रोकने पर की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार शनिवार को सकौती चौकी क्षेत्र में गोहत्या का मामला सामने आया था और उच्चाधिकारियों के कई बार निर्देश देने के बाद भी क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को पुलिसकर्मी नहीं रोक पा रहे। इससे पहले एसएसपी विपिन ताड़ा ने गत वर्ष 11 दिसंबर को गोकशी के आरोप में ही पूरी खिवाई चौकी को निलंबित कर दिया था।

### संभल हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारी पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र) :** संभल शहर के कोट गर्वी मोहल्ले में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में पुलिस क्षेत्राधिकारी पर गोली चलाने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। संभल कोतवाली के प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी पर गोली चलाकर उन्हें घायल करने के आरोपी सलीम नामक व्यक्ति को संभल कोतवाली क्षेत्र में स्थित भूरे खां की जियारत इलाके में गिरफ्तार कर लिया गया है और वह इलाके का कुख्यात अपराधी है। उन्होंने दावा किया कि वारदात के बाद सलीम दिल्ली के सीलमपुर में छुप गया था, वह संभल की एक अदालत में आत्मसमर्पण करने की फिराक में था मगर उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। तोमर ने बताया कि सलीम पर पुलिस से कारतूस लूटने का भी आरोप है और पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा, पांच कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। तोमर ने बताया कि संभल हिंसा के मामले में अब तक 52 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

### उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में नाबालिग लड़की से बलात्कार, आरोपी को हिरासत में लिया गया

**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले में खेत में रविवार को शौच के लिये गयी 14 वर्षीय लड़की के साथ एक अधेड़ व्यक्ति ने कथित रूप से दुष्कर्म किया और जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार सागर ने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी सुबह शौच के लिये खेत में गई थी, तब लौटते वक्त रास्ते में गंगादीन (50) नामक व्यक्ति ने उसे बुलाया और खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान शोर मचाने पर आरोपी ने लड़की का गला दबा दिया जिससे वह बेहोश हो गयी और आरोपी भाग गया।

## हेड कांस्टेबल पर रिश्वत के नोट बदलने का आरोप

■ अदालत में किया दावा- चूहों ने कुतर दिए मूल नोट

**बरेली (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बरेली में रिश्वत में मिले नोटों की जगह दूसरे नोट अदालत में पेश करने के आरोप में एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अदालत में नोट पेश करते समय दावा किया गया कि पुलिस स्टेशन में रखे गए मूल नोट चूहों ने कुतर दिए। अधिकारियों ने बताया कि मामला बरेली जिले के नवाबगंज थाने के हेड कांस्टेबल उदयवीर सिंह के खिलाफ दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मुकेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक, 12 फरवरी 2021 को उत्तर प्रदेश पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) ने नवाबगंज तहसील में तैनात एक लेखपाल (राजस्व अधिकारी) को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। एसीओ टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत में मिले 500 रुपये के 20 नोटों के अलावा 80,361 रुपये, एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड भी जब्त किया। रिश्वत की रकम समेत जब्त सामान सिंह को सौंप दिया गया। हालांकि नकदी और अन्य सामान बाद में अदालत के आदेश पर लौटा दिया गया जबकि रिश्वत वाले नोट नवाबगंज थाने में जमा कर दिए गए।

## भदोही में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, आरोपी गिरफ्तार

**भदोही (उप्र) :** भदोही पुलिस ने दुष्कर्म के बाद एक युवती के गर्भवती होने और मृत बच्चे को जन्म देने के मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। भदोही की पुलिस अधीक्षक (एसपी) मीनाक्षी कात्यायन ने रविवार को प्राथमिकी के हवाले से 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भदोही कोतवाली क्षेत्र के निवासी शादीशुदा युवक साजिद अली ने अपने ही मोहल्ले की 19 वर्षीय एक युवती से दोस्ती की और उसके घर आने-जाने लगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मार्च को आरोपी ने पीड़िता के घर पहुंचने के बाद उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। एसपी ने कहा कि जब युवती ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तब आरोपी ने उसे वीडियो दिखाते हुए धमकी दी कि अगर उसने शिकायत की तो वह वीडियो सार्वजनिक कर देगा। कात्यान ने कहा कि इस बात से डरी पीड़िता ने कुछ नहीं किया और न किसी को बताया, जिसका फायदा उठाकर साजिद उससे जब चाहता घर आकर या बाहर बुलाकर दुष्कर्म करता रहा। एसपी ने कहा कि नतीजतन युवती गर्भवती हो गई, ऐसे में शारीरिक बदलाव देखने के बाद जब माता-पिता ने पूछा तो उसने उन्हें घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने माता-पिता के साथ जाकर 20 सितंबर 2024 को आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी। हालांकि युवती ने आरोप लगाया कि पुलिस ने दबाव बनाकर आरोपी से उसकी शादी करा दी, जिसके बाद अक्टूबर में आरोपी ने उसे शादीशुदा होने की बात बताई। इसके बाद पीड़िता ने 26 नवंबर को एक निजी अस्पताल में मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कई महीने तक मानसिक और शारीरिक शोषण का सामना करने वाली पीड़िता ने स्वस्थ होने पर पुलिस को तीन जनवरी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल जांच कराई है।

## लालू प्रसाद की पेशकश पर नीतीश का जवाब, राजद से 'गलती' से किया था गठबंधन

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने विपक्षी पार्टी के साथ ''गलती से'' गठबंधन कर लिया था, जिसने सत्ता में रहते हुए ''कुछ नहीं किया''। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सुप्रीमो ने यह टिप्पणी पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद द्वारा कुछ दिनों पहले की गई पेशकश के बाद की है। लालू प्रसाद ने कहा था कि राजद ने पूर्व सहयोगी के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं, जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में लौट गये हैं। कुमार ने राज्यव्यापी प्रगति



यात्रा के तहत उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में संवाददाताओं से कहा, ''हमसे पहले जो लोग सत्ता में थे...क्या उन्होंने कुछ किया? लोग सूर्यास्त के बाद अपने घरों से बाहर निकलने से डरते थे। मैं गलती से दो बार उनके साथ जुड़ गया था।'' बिहार के मुख्यमंत्री का पद सबसे लंबे समय से संभाल रहे नीतीश ने सवाल किया, ''उस समय महिलाओं की क्या स्थिति थी? आज आप इन स्वयं सहायता समूहों को देख सकते हैं, जिन्हें हमने 'जीविका' नाम दिया है। केंद्र ने हमारे मॉडल को दोहराया और इसे 'आजीविका' नाम दिया। क्या आपने पहले ऐसी आत्मविश्वासी ग्रामीण महिलाओं को देखा था?'' कुमार ने हालांकि, लालू प्रसाद की ओर से दिए गए सांकेतिक 'प्रस्ताव' से जुड़े सवाल का जवाब नहीं दिया। लालू प्रसाद की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पृष्ठभूमि में आई थी जिसमें उन्होंने एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने पर अनिश्चित रुख पेश किया था। वहीं, राज्य भाजपा के नेता लगातार कहते रहे हैं कि जदयू सुप्रीमो 2025 के विधानसभा चुनावों में राजग का 'चेहरा' होंगे। लोकसभा चुनाव में बहुमत से चूकने वाली भाजपा केंद्र में सत्ता में बने रहने के लिए जदयू और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा)जैसे सहयोगियों पर निर्भर है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने रविवार को मुजफ्फरपुर जिले के अपने दौरे के दौरान 451.40 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं/योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## बिहार में शीतलहर का प्रकोप, पटना में बंद रहेंगे स्कूल

**पटना :** बिहार शीतलहर की चपेट में है जहां कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। पटना जिला प्रशासन ने कड़ाके की ठंड के कारण कक्षा आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने बताया कि बिहार में रविवार को सबसे कम तापमान मोतिहारी में 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद सारण में 6.9 डिग्री सेल्सियस, डेहरी में सात डिग्री, समस्तीपुर में 9.2 डिग्री सेल्सियस, वैशाली में 9.8 डिग्री सेल्सियस और पटना में 10 डिग्री सेल्सियस तापामान दर्ज किया गया। उसने बताया कि राज्य के अन्य



स्थानों पर भी ठंड का असर रहा। सहरसा, बांका, वाल्मीकिनगर, दरभंगा और किशनगंज में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस से 10.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ स्थानों पर दिन में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, आगामी दो-तीन दिनों में कई स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। पटना में भीषण ठंड के कारण जिला मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर सिंह ने कक्षा 8 तक के सभी निजी और सरकारी स्कूल, प्री-स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर सहित सभी विद्यालयों को 11 जनवरी तक बंद रखने का रविवार को आदेश दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सिंधु घाटी की लिपि पढ़ने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा: मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को यहां कहा कि सिंधु घाटी लिपि एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है और उन्होंने इसे पढ़ने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देने की घोषणा की। सिंधु सभ्यता की खोज के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए स्टालिन ने कहा, ''हम अब भी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को स्पष्ट रूप से समझने में असमर्थ हैं।'' उन्होंने कहा कि इसे समझने का विद्वान आज भी प्रयास कर रहे हैं और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के मद्देनजर इस लिपि की पहेली को सुलझाने वाले व्यक्तियों या संगठनों को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा।

### म्यांमा के 26 लोगों को वापस उनके देश भेजा गया: मणिपुर के मुख्यमंत्री

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि राज्य की सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करने वाले म्यांमा के 26 लोगों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार अवैध आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, ''मणिपुर की खुली सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करने वाले म्यांमा के 26 नागरिकों के एक समूह को उनके देश भेज दिया गया।'' सिंह ने यह भी कहा कि राज्य सरकार युद्ध के कारण भागने वालों को मानवीय सहायता प्रदान करने, उनकी देखभाल करने और उनकी सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### तमिलनाडु में बांग्लादेश के सात नागरिक हिरासत में लिए गए

**इरोड (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के इरोड स्थित कारखानों में काम करने वाले बांग्लादेश के सात नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन बांग्लादेशियों के पास पासपोर्ट और वीजा नहीं था, इसलिए उन्हें पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, भारत के उत्तरी भागों से आये श्रमिक अपने परिवारों के साथ पेरुन्दुरई स्थित कारखानों में काम कर रहे थे। पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के साथ मिलकर वेप्पमपलायम, वल्लीपुरथनपलायम, पेरुंदुरई और पेरुंदुरई तालुका के अन्य स्थानों पर अचानक छापेमारी की, जिसके बाद पता चला कि सात बांग्लादेशी नागरिक बिना पासपोर्ट या वीजा के कारखानों में काम कर रहे थे। सभी बांग्लादेशियों को पेरुंदुरई पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या वे क्षेत्र में और उसके आसपास किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल थे।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 20 करोड़ रुपये की कोकीन की तस्करी मामले में दो ब्राजीलियाई गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो ब्राजीलियाई नागरिकों को देश में 20 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के रहने वाले एक पुरुष और एक महिला को 24 दिसंबर को पेरिस के रास्ते साओ पाउलो से आने के बाद रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक बयान में कहा, ''पूछताछ करने पर दोनों यात्रियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कुछ मादक पदार्थ युक्त कैप्सूल/गोलियां निगल ली थीं।'' इसमें कहा गया है कि हवाई अड्डे पर प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान दोनों यात्रियों से मादक पदार्थ युक्त कैप्सूल निलवाये गए। बयान में कहा गया कि आरोपियों को यहां सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया ताकि ''उक्त कैप्सूल को निकालने के लिए उचित कार्रवाई की जा सके।'' सीमाशुल्क विभाग ने बताया कि सारे कैप्सूल निकालने की पूरी चिकित्सीय प्रक्रिया में कई दिन लगे और पुरुष यात्री से कुल 105 कैप्सूल मिले, जिनमें 937 ग्राम कोकीन थी। बयान के मुताबिक महिला यात्री के पास से 562 ग्राम कोकीन युक्त कुल 58 कैप्सूल मिले।

# दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई तो बंद नहीं होगी कोई कल्याणकारी योजना : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर केंद्र के साथ लड़कर एक दशक बर्बाद करने का आरोप लगाया और लोगों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय राजधानी को भविष्य का शहर बनाने के लिए भाजपा को एक मौका दें। प्रधानमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर कोई भी लोक कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी और भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन को ''आप-दा'' करार दिया और कहा कि इसके सत्ता से हटने से ही राष्ट्रीय राजधानी में सुशासन का राज स्थापित होगा। दिल्ली के रोहिणी में भाजपा की 'परिवर्तन रैली' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली का दिल जीतने का सबसे ''स्वर्णिम अवसर'' बताया और जनता से दिल्ली को ''आप-दा'' से मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वह किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज़ गूंज रही है- 'आप-दा' नहीं सहेंगे... बदल के रहेंगे।'' प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे भाजपा को अवसर दें क्योंकि केंद्र की सत्ता-धारी पार्टी (भाजपा) ही राष्ट्रीय राजधानी का विकास कर सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित कई प्रदेशों में भाजपा की चुनावी जीत का ज़िक्र करते हुए मोदी ने विश्वास जताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा, ''भाजपा ही दिल्ली को दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। भाजपा ने अपने बेहतरीन उम्मीदवार उतारे हैं। मैं सभी उम्मीदवारों से भी कहूंगा कि दिल्ली का दिल जीतने का यह सबसे स्वर्णिम अवसर है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 51 ट्रेन विलंबित, कई उड़ानों के समय में बदलाव

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह घना कोहरा छाए रहने और दृश्यता शून्य होने के कारण 51 ट्रेन विलंब से चल रही हैं और कई उड़ानों के समय में बदलाव किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, ''पालम में भारतीय समयानुसार सुबह चार बजे से 7.30 बजे तक शून्य दृश्यता रही, लेकिन 8-13 किमी प्रति घंटे की गति से पुरवैया हवाएं भी चलीं।'' अधिकारी ने कहा कि शनिवार के नौ घंटे की शून्य दृश्यता की तुलना में, रविवार को पालम में शून्य दृश्यता की अवधि 3.5 घंटे रही, जो अपेक्षाकृत कम है। आईएमडी ने कहा कि शहर में अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य औसत से 0.7 डिग्री कम है और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## श्रीनगर सहित कश्मीर के कुछ हिस्सों में ताजा हिमपात



**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रविवार को ताजा हिमपात हुआ और श्रीनगर में तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह उत्तरी कश्मीर में बांदीपोरा, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों के कई इलाकों तथा मध्य कश्मीर में बडगाम और गांदरबल जिलों के कुछ हिस्सों में हिमपात हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीनगर शहर और दक्षिण कश्मीर के कुछ इलाकों में देर शाम हिमपात हुआ। ग्रीष्मकालीन राजधानी भीषण शीतलहर की चपेट में रही और रविवार को अधिकतम तापमान केवल 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 48 घंटों से तापमान दो डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। शनिवार को अधिकतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस था। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घाटी में रात का तापमान काफी गिर गया और दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग शहर में यह शून्य से 8.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि श्रीनगर में तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात को शून्य से 2.2 डिग्री नीचे था। उत्तरी कश्मीर में 'स्कीइंग' गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 2.2 डिग्री था।

## जैविक मां की तलाश में भारत आई स्पेन की युवती

**भुवनेश्वर :** स्पेन की नागरिक स्नेहा अपनी उस जैविक मां की तलाश में भारत लौटी है, जिसने 20 साल पहले उन्हें (स्नेहा) और उनके भाई को एक अनाथालय में छोड़ दिया था। हालांकि, 21 वर्षीय स्नेहा के पास समय कम बचा है, क्योंकि उन्हें सोमवार को स्पेन लौटना है। बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में शोधकर्ता के रूप में कार्यरत स्नेहा अपनी जड़ों का पता लगाना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अपने अतीत के बारे में बहुत कम याद है। स्नेहा के स्पेनिश माता-पिता जेमा विडेल और जुआन जोस उनकी इस खोज में उनका साथ दे रहे हैं और जेमा, स्नेहा के साथ उनके गृह राज्य ओडिशा आई हैं। विडाल और जोस ने स्नेहा और उनके भाई सोमू को 2010 में भुवनेश्वर के एक अनाथालय से गोद लिया था, जहां 2005 में उनकी मां बनलता दास द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद उन्हें आश्रय दिया गया था। स्नेहा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''स्पेन से भुवनेश्वर तक की मेरी यात्रा का उद्देश्य मेरे जैविक माता-पिता, खासकर मेरी मां को ढूंढना है। मैं उन्हें ढूंढना चाहती हूं और उनसे मिलना चाहती हूं। मैं इस यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार हूं, भले ही यह कठिन हो।'' स्नेहा उस समय सिर्फ एक साल की थी और उसका भाई कुछ महीने का था, जब उनकी मां उन्हें अनाथालय में छोड़कर चली गई। स्नेहा ने कहा कि उनके स्पेनिश माता-पिता ने भाई-बहनों को जीवन में सब कुछ दिया है और उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें गोद लिया गया है।

## भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो किसी परिवार की नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की है: फडणवीस



**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो किसी परिवार की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी के एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए फडणवीस ने भाजपा को एक लोकतांत्रिक संगठन बताया। उन्होंने कहा कि देश में 2,300 से ज़्यादा पंजीकृत पार्टियां हैं, लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि केवल दो पार्टियां हैं - भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी - जो किसी परिवार की नहीं है। फडणवीस ने कहा कि 2,300 पार्टियों में से लगभग सभी निजी स्वामित्व वाली हैं। उन्होंने कहा,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही। लेकिन भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी का स्वामित्व किसी नेता के पास नहीं है और इसका अपना संविधान है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक राष्ट्रीय पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साधारण पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां एक लड़का जो कभी चाय बेचता था, वह पहले (गुजरात का) मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने कहा कि मोदी का राजनीति में कोई रिश्तेदार या 'गॉडफादर' नहीं है, फिर भी वह शीर्ष पद पर पहुंच सके। अपनी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने बूथ स्तर से शुरुआत की, वार्ड अध्यक्ष बने और तीन बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा, यह केवल भाजपा में ही संभव है। यह लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

## न्यूज अपडेट

### अग्रवाल समुदाय ने भारत के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है: ओम बिरला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि अग्रवाल समुदाय ने भारत के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, बिरला ने कहा कि समुदाय ने लगातार हाशिए पर पड़े व्यक्तियों और समुदायों को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिला है। बिरला ने यहां अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित 'अग्र अलंकरण समारोह' की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में समुदाय के प्रयासों की सराहना की तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम और विभिन्न परोपकारी प्रयासों में उनकी भूमिका का भी जिक्र किया।

### जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में वाहन के नदी में गिरने से चार लोगों की मौत, दो लापता

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चालक सहित दो लोग लापता हैं और बचाव अभियान जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना पद्दार क्षेत्र के सन्यास में हुई, जब वाहन सड़क से फिसलकर 300 फुट नीचे मचैल नदी में जा गिरा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और चार शव बरामद कर लिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अब्दुल्ला ने कहा कि उनका कार्यालय जिला प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में है, जो लापता दो व्यक्तियों का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उधमपुर से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में सवार चार यात्री मृत पाए गए हैं। चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।'' मंत्री ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना की रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद किश्तवाड़ के उपायुक्त राजेश कुमार शवन से संपर्क किया। उन्होंने कहा, ''बचाव दल काम कर रहा है। मैं पल-पल की जानकारी ले रहा हूं।'' उपराज्यपाल सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा, ''किश्तवाड़ में एक दुखद सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।''

### प्रधानमंत्री मोदी ऑनलाइन माध्यम से रेलवे के जम्मू मंडल का उद्घाटन करेंगे

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवगठित जम्मू रेल मंडल का ऑनलाइन माध्यम से सोमवार को उद्घाटन करेंगे। इससे भारत के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में रेल सेवाओं के कुशल प्रबंधन का मार्ग प्रशस्त होगा। जम्मू में नये रेल मंडल की स्थापना के साथ ही इस क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो गई है। यह अहम घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब कटरा से कश्मीर के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन सेवाओं के उद्घाटन से पहले मंगलवार को अंतिम परीक्षण होना है। एक अधिकारी ने बताया, ''प्रधानमंत्री कल नयी दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से जम्मू रेल मंडल का उद्घाटन करेंगे।'' जम्मू में आयोजित कार्यक्रम में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और सांसद जुगल किशोर शर्मा शामिल होंगे और इसे संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के भी इसमें हिस्सा लेने की उम्मीद है। जम्मू मुख्यालय वाले इस नवनिर्मित मंडल के साथ फिरोजपुर मंडल का पुनर्गठन होगा। जम्मू रेल मंडल में पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला (423 किलोमीटर मार्ग), भोगपुर-सिरवाल-पठानकोट (87.21 किमी), बटाला (छोड़कर)-पठानकोट (68.17 किमी) और पठानकोट-जोगिंदर नगर (छोटी लाइन, 163.72 किमी) शामिल हैं। जम्मू रेल मंडल के तहत आने वाले रेल खंडों की कुल लंबाई 742.1 किमी होगी। वर्तमान में, भारतीय रेलवे देश भर में 17 जोन और 68 मंडलों के माध्यम से अपना ट्रेन सेवाओं का परिचालन करता है। नव गठित मंडल भारत की प्रतिष्ठित रेल परियोजनाओं के संचालन की देखरेख करेगा, जिसमें देश का पहला केबल-आधारित रेल पुल, अंजी खाद पुल और कौरी में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे मेहराब पुल शामिल हैं।

## मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वह केंद्र, दिल्ली के बीच सहयोग का परिणाम: केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन की गयी दो परियोजन-ाओं को दिल्ली के बुनियादी ढांचे के लिए मील का पत्थर बताया और दावा किया कि ये केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम हैं। मोदी ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के साहिबाबाद से यहां न्यू अशोक नगर तक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से और दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन खंड का उद्घाटन किया। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, दिल्ली के लोगों को बधाई दी और कहा कि ये परियोजनाएं शहर और केंद्र सरकारों के बीच सहयोग का नतीजा हैं। केजरीवाल ने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा,ये उद्घाटन उन लोगों को जवाब है जो कहते हैं कि आप केवल लड़ाई-झगड़े करती है। उन्होंने अपनी पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि आप नेताओं को जेल में डाला गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने अपना ध्यान शासन पर केंद्रित रखा। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारे कार्यकाल ने यह दिखाया है कि हमने काम को हर चीज से ऊपर रखा है।उन्होंने मोदी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण का अधिकांश हिस्सा दिल्ली सरकार की आलोचना करने में लगाया। केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री दिल्ली के लोगों और दिल्ली की चुनी हुई सरकार को कोसते रहे। मैं इसे सुन रहा था, मुझे बुरा लगा। 2020 में प्रधानमंत्री ने जो वादा किया था - दिल्ली देहात के लोग अभी भी उसके पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

## झारखंड में नक्सलवाद से जुड़े मामले में कई स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने धन और आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी से जुड़े नक्सलवाद के मामले के सिलसिले में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नौ स्थानों पर छापेमारी की। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि शनिवार को नौ स्थानों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा (माओवादी) से जुड़े संदिग्धों और 'ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू) के कई परिसर पर ली गई तलाशी के दौरान एनआईए ने मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य वस्तुएं बरामद कीं। यह मामला 10,50,000 रुपये की नकदी, एक वॉकी-टॉकी, एक सैमसंग टैबलेट, एक पावर बैंक, एक रेडियो सेट, एक लेवी वसूली रसीद, एक पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ों की बरामदगी और जब्ती से जुड़ा है। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भाकपा (माओवादी) के सदस्य मिसिर बेसरा का एक 'नेक बैंड', टाइटन चश्मा और अन्य वस्तुएं मिली हैं। बयान में कहा गया कि ये सामग्रियां हुसिपी और राजभासा गांवों के बीच स्थित वन क्षेत्रों में दबी हुई मिलीं, जिन्हें राजेश देवगम नामक एक आरोपी के खुलासे के बाद बरामद किया। मामला मूल रूप से मार्च 2024 में झारखंड के चाईबासा जिले के टोंटो पुलिस थाने में पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया था, और बाद में जुलाई में एनआईए ने इसकी जांच शुरू की थी।

## वायुसेना प्रमुख ने लक्षद्वीप का दौरा किया, बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया



**नयी दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को संपन्न लक्षद्वीप की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रणनीतिक लिहाज से अहम इस द्वीप समूह के आसपास सशस्त्र बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। लक्षद्वीप दौरे के दौरान सिंह ने मिनिकॉय और कवरत्ती द्वीप पर वायु सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने द्वीप समूह पर स्थित विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा किया और भारतीय नौसेना एवं तटरक्षक बल के सैनिकों के साथ बातचीत भी की। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान वायुसेना प्रमुख ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तरह से रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उभरती चुनौतियों से निपटने में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। बयान के अनुसार, सिंह ने हर समय उच्च स्तर की तत्-परता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## भोपाल गैस हादसा : अधिकारियों ने अपशिष्ट निस्तारण स्थल का निरीक्षण किया

**धार(मप्र) :** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को धार जिले के पीथमपुर स्थित उस इकाई में पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां भोपाल गैस त्रासदी से संबंधित 337 टन विषाक्त अपशिष्ट को जलाया जाना है। अधिकारियों का यह दौरा सोशल मीडिया पर फैली उस अफवाह के बाद हुआ जिसमें कहा गया था कि अपशिष्ट से भरा एक कंटेनर गायब हो गया है। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रमोद सिंह गुर्जर ने बताया कि व्हाट्सऐप समूहों के माध्यम से सूचना फैलाई जा रही थी कि अपशिष्ट से भरा एक कंटेनर परिसर से गायब हो गया है, जिसके बाद निवासियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के एक समूह ने उक्त स्थल का दौरा किया और पुष्टि की कि सभी कंटेनर वहां मौजूद हैं। गुर्जर ने लोगों को ऐसी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। पीथमपुर बचाओ समिति के संयोजक हेमंत हिरोले ने बताया कि वह उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने मौके का निरीक्षण किया और पाया कि सभी कंटेनर सीलबंद थे और उनसे अपशिष्ट को बाहर नहीं निकाला गया था। खतरनाक अपशिष्ट बृहस्पतिवार को रामकी एनवायरो कंपनी में पहुंच गया, जहां इसे जलाया जाएगा। स्थानीय वकील राजेश चौधरी ने कहा कि सभी 12 कंटेनर उसी स्थिति में हैं, जैसे उन्हें भोपाल से लाया गया था। धार जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर औद्योगिक नगर पीथमपुर में शुक्रवार को एक स्थानीय संगठन के आह्वान पर बंद बुलाया गया और लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन का कहना है कि इस तरह के अपशिष्ट निपटान से निवासियों, जलाशयों और पर्यावरण को नुकसान होगा।

# चुनाव परिणाम विरोधियों के मुंह पर तमाचा, शिवसेना मजबूत हो रही है: शिंदे



**ठाणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजों को अपने विरोधियों के मुंह पर तमाचा बताया, जिन्होंने निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय तक की आलोचना की थी। शिवसेना प्रमुख ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए शिवसेना (यूबीटी) के कई नेताओं का अपनी पार्टी में स्वागत करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिवसेना मजबूत हो रही है। हाल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन ने राज्य की 288 में से 230 सीट जीतीं, जिसमें शिंदे की पार्टी को 57 सीटें मिलीं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को केवल 20 सीट मिलीं। शिंदे ने परिणामों को उन लोगों के मुंह पर तमाचा बताया, जिनका मानना था कि जनता उनका साथ देगी। शिंदे के विद्रोह के कारण ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना विभाजित हो गई और 2022 में महा विकास आघाडी की सरकार गिर गई थी। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से शिवसेना (यूबीटी) नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों ने निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय तक की आल-ोचना की थी, उन्हें जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। शिंदे ने कहा कि जब वह ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहे, तो महाराष्ट्र में काफी विकास हुआ और शासन के संबंध में काफी प्रगति हुई। शिंदे ने बताया कि उन्होंने विधानसभा में कहा था कि अगर उनका गठबंधन 200 से ज़्यादा सीट नहीं जीतता है, तो वह अपने गांव वापस जाकर खेती करेंगे। उन्होंने कहा, हमने 230 से ज़्यादा सीटें जीतीं। उन्होंने कहा कि शिव-सेना (यूबीटी) नेताओं का शिवसेना में आना पार्टी की बढ़ती ताकत और निरंतर सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक बाल ठाकरे के विचारों ने वर्षों में शिवसेना को आकार दिया है।

## गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षक का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन व्यक्तियों की मौत



**पोरबंदर/नयी दिल्ली :** गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे पर रविवार को भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और उसमें आग लग गई जिससे दो पायलट और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कमांडेंट सौरभ, डिप्टी कमांडेंट एस के यादव और मनोज प्रधान नाविक की मृत्यु हो गई। पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान से लौट रहा था और रनवे पर उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर रनवे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हल्की श्रेणी का उन्नत (एएलएच) एमके-तीन हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 12:15 बजे हवाई अड्डे के रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारतीय तटरक्षक का एक एएलएच एमके-तीन हेलीकॉप्टर करीब सवा 12 बजे गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आईसीजी हेलीकॉप्टर, दो पायलट और चालक दल के एक सदस्य (एयरक्रू डाइवर) के साथ, एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था।''

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर किया, दस साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती



**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हरा दिया है। भारतीय टीम ने कंगारूओं के सामने 162 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार के साथ ही भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज भी गंवा दी है। ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 3-1 से अपने नाम की। साथ ही टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच चुका है और दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। डब्ल्यूटीसी का खिताबी मुकाबला जून में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रन पर सिमट गई थी। टीम इंडिया को दूसरी पारी में चार रन की बढ़त हासिल थी। भारत की दूसरी पारी 157 रन पर सिमट गई थी और कुल 161 रन की बढ़त हासिल की थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सैम कोंस्टास (22), उस्मान ख्वाजा (41), मार्नस लाबुशेन (6) और स्टीव स्मिथ (4) के विकेट गंवाए। इसके बाद ट्रेविस हेड (34*) और ब्यू वेबस्टर (39*) ने 46 रन की नाबाद साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत दूसरी पारी में कप्तान जसप्रीत बुमराह के बिना उतरा था। बुमराह पीठ में जकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी जगह विराट कोहली ने कप्तानी की। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन विकेट लिए, जबकि सिराज को एक विकेट मिला।

## कोहली भारतीय टीम में रहने के हकदार नहीं, गलतियां सुधारने पर मेहनत नहीं की : पठान



**सिडनी :** भारतीय टीम में सुपरस्टार संस्कृति खत्म करने की मांग करते हुए पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने विराट कोहली के टीम में स्थान पर सवाल उठाया और कहा कि उन्होंने अपनी तकनीकी कमियों को सुधारने के लिये ना तो घरेलू क्रिकेट खेली और ना ही मेहनत की। कोहली और रोहित शर्मा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खराब फॉर्म में थे और भारत ने 1 . 3 से हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जाने का मौका भी खो दिया। कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके और बार बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा ,' सुपरस्टार कल्चर खत्म होना चाहिये, टीम कल्चर की जरूरत है। आपको प्रदर्शन में सुधार करना होगा , अपने और टीम के। इस श्रृंखला से पहले भी मैच थे और उनके पास घरेलू क्रिकेट खेलने का मौका था लेकिन उन्होंने नहीं खेला। इस कल्चर को बदलना होगा।'' इस पूर्व हरफनमौला ने यह भी कहा कि सचिन तेंदुलकर ने भी रणजी ट्रॉफी खेला जबकि उन्हें जरूरत नहीं थी क्योंकि वह चार या पांच दिन पिच पर बिताना चाहते थे। पठान ने कहा,' विराट कोहली ने आखिरी बार घरेलू क्रिकेट कब खेला था। एक दशक से भी पहले।'

## अगर टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो घरेलू क्रिकेट खेलो : गौतम गंभीर



भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिये अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से मिली हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है, लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन जो भी होगा , वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा।' यह पूछने पर कि क्या वह चाहते हैं कि सीनियर खिलाड़ी 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में कम से कम एक दौर खेलें, उन्होंने साफ तौर पर कहा, 'मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को इतनी तवज्जो मिलनी चाहिये। सिर्फ एक मैच नहीं, अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलनी चाहिये।'

## यह निराशाजनक है लेकिन आपको अपने शरीर का सम्मान करना होगा: बुमराह



**सिडनी :** पीठ की जकड़न से पीड़ित जसप्रीत बुमराह 'श्रृंखला के सबसे अनुकूल विकेट' पर गेंदबाजी करने से चूकने से निराश हैं लेकिन भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज ने इस बात पर जोर दिया कि कभी-कभी खिलाड़ी के लिए अपने शरीर का सम्मान करना अनिवार्य हो जाता है। बुमराह तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर सके जब भारत को गेंदबाजी की मददगार पिच पर 162 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करना था। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 27 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत ली। श्रृंखला में 32 विकेट चटकाने के लिए बुमराह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया।' उन्होंने कहा, 'पहली पारी में अपने दूसरे स्पैल के दौरान थोड़ी असहजता महसूस हुई और मुझे इस पर ध्यान देना पड़ा।' तीसरे दिन दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन से आगे खेलते हुए भारत ने अपने बाकी चार विकेट 16 रन पर गंवा दिए और दूसरी पारी में 157 रन पर आउट हो गया। सुबह हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर बुमराह ने कहा, 'आज सुबह की बातचीत इसी बारे में थी, विश्वास रखने और जज्बा दिखाने के बारे में। बहुत सारे अगर-मगर, पूरी श्रृंखला में कड़ी टक्कर देखने को मिली। हम आज भी मुकाबले में थे, ऐसा नहीं कि हम इससे बाहर थे, टेस्ट क्रिकेट ऐसे ही चलता है।' इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'लंबे समय तक खेल में बने रहना, दबाव बनाना, दबाव को झेलना और स्थिति के हिसाब से खेलना सभी कुछ महत्वपूर्ण हैं। आपको परिस्थितियों के हिसाब से ढलना होता है और ये सीख हमें भविष्य में मदद करेगी।' बुमराह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव नितीश रेड्डी और हर्षित राणा जैसे युवा खिलाड़ियों को भविष्य में मदद करेगा।

## पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में चमके वरुण तोमर



**नयी दिल्ली :** मौजूदा एशियाई चैंपियन वरुण तोमर ने रविवार को यहां 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं। सेना के 21 वर्षीय निशानेबाज तोमर पिछले साल मामूली अंतर से पेरिस ओलंपिक खेलों में जगह बनाने से चूक गए थे। उन्होंने सीनियर वर्ग के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए सेना की अपनी टीम के साथी प्रद्युम्न सिंह को 0.8 अंक से पीछे छोड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। राजस्थान के आकाश भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता। तोमर ने इसके बाद जूनियर फाइनल में भी धीमी शुरुआत की लेकिन वह जल्द ही बढ़त बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के निखिल सरोहा को हराकर दोहरा खिताब जीता। सीनियर वर्ग के फ़ाइनल में तोमर का स्कोर 238 था जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में उन्होंने इससे भी बेहतर प्रदर्शन करके 246.2 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रद्युम्न जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे। युवा वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश के चिराग शर्मा ने अपने ही राज्य के 14 वर्षीय निशानेबाज देव प्रताप को 1.3 अंक के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। राजस्थान के मयंक चौधरी ने कांस्य पदक जीता।

## मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए : लवलीना

**गुवाहाटी :** मुक्केबाजी का जब ओलंपिक खेल के रूप में भविष्य अधर में लटका हुआ है तब भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रविवार को इस खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपील की। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई और इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास जारी हैं। लवलीना अब विश्व मुक्केबाजी (वर्ल्ड बॉक्सिंग) की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग का हिस्सा हैं। लवलीना ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, 'इस समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी।' उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी की तकनीकी पहलुओं विशेष रूप से 'स्कोरिंग और जजिंग' की निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है। लवलीना ने कहा, 'अभी तक भारत सिर्फ एक सामान्य सदस्य था जिसके पास विरोध जताने या व्यवस्था में खामी बताने के बहुत कम मौके होते थे। यह अब बदलने जा रहा है क्योंकि एशियाई निकाय में हमारे पास सात पद होंगे।' उन्होंने कहा, 'यह उन खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदे वाली बात है जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और ओलंपिक पदक जीतना चाहते हैं।

## विश्व चैम्पियनशिप और खेल रत्न के बाद 2025 के लिए नए लक्ष्य तय करने शुरू किए : गुकेश

**बेंगलुरु :** डी गुकेश ने पिछले एक महीने में कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें विश्व चैम्पियनशिप में जीत के बाद हाल में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना शामिल है लेकिन शतरंज का यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब 2025 में 'चुनौतीपूर्ण' वर्ष का सामना करने के लिए अपना ध्यान और लक्ष्य फिर से निर्धारित करना चाहता है। गुकेश 17 जनवरी से नीदरलैंड के विज्क आन जी में शुरू होने वाले टाटा स्टील टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे जिसमें अनीश गिरी, अर्जुन एरिगेसी, फैबियानो कारूआना और आर प्रज्ञानानंद जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी होंगे। गुकेश ने रविवार को वेस्टब्रिज कैपिटल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से कहा, 'हां, 2025 काफी चुनौती पेश करेगा। बहुत सारे नए और दिलचस्प टूर्नामेंट होंगे। विश्व चैम्पियनशिप अब बीती बात हो चुकी है। मैं इसे जीतकर और सभी पुरस्कारों से बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अब मैंने नये लक्ष्यों, नये टूर्नामेंट और तैयारी के नये तरीकों के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। लक्ष्य और दृष्टिकोण वही रहेगा। अपना सर्वश्रेष्ठ देना, खुद को बेहतर बनाते रहना और जितना संभव हो सके उतने टूर्नामेंट जीतना।' गुकेश ने कहा, 'इसलिए मैं बहुत कुछ सीखने, बहुत सारे सुधार करने की उम्मीद कर रहा हूं। उम्मीद है कि बहुत सारे अच्छे नतीजों के साथ यह एक मजेदार साल रहेगा।'



## ओयो ने किया नियमों में बदलाव, अब अविवाहित जोड़े नहीं ले सकेंगे होटल में कमरा




**नयी दिल्ली :** यात्रा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओयो ने मेरठ से शुरुआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए एक नयी 'चेक-इन' नीति लागू की है। इसके अनुसार, अविवाहित जोड़ों का अब 'चेक-इन' की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को 'चेक-इन' के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर, कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, ''ओयो को पहले भी विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है।'' ओयो उत्तर भारत के क्षेत्र प्रमुख पावस शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''ओयो सुरक्षित और जिम्मेदार आतिथ्य प्रथाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हम इन बाजारों में कानून प्रवर्तन और नागरिक समाज समूहों की बात सुनने और उनके साथ काम करने की अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानते हैं।'' उन्होंने कहा कि कंपनी समय-समय पर इस नीति और इसके प्रभाव की समीक्षा करती रहेगी।

## एनएचएआई ने 56,000 करोड़ रुपये का कर्ज समय से पहले चुकाया, 1,200 करोड़ रुपये का ब्याज बचाया

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान 56,000 करोड़ रुपये के ऋण का समय से पहले भुगतान किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को लगभग 1,200 करोड़ रुपये की ब्याज लागत बचाने में मदद मिली है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में एनएचएआई का कुल कर्ज 3.35 लाख करोड़ रुपये था, जो तीसरी तिमाही के अंत में करीब 2.76 लाख करोड़ रुपये रह गया। उन्होंने कहा कि इनविट मौद्रीकरण प्राप्ति से लगभग 15,700 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया गया है, जबकि राष्ट्रीय लघु बचत कोष (30,000 करोड़ रुपये) और भारतीय स्टेट बैंक (10,000 करोड़ रुपये) को ऋण का 40,000 करोड़ रुपये का समय से पहले भुगतान किया गया है। अधिकारी ने कहा, एनएचएआई सफलतापूर्वक अपनी ऋण देनदारी कम कर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल बजट में 2024-25 के लिए एनएचएआई को आवंटन 1.68 लाख करोड़ रुपये पर बरकरार रखा था।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा एफडीआई: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक भारत को शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, जिससे तेज आर्थिक वृद्धि हो रही है और लाखों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, क्योंकि यहां मजबूत घरेलू बाजार, कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और कानून का शासन जैसे कई फायदे हैं। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि भारत में एफडीआई एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है और इससे लाखों रोजगार पैदा हो रहे हैं। पश्चिम एशिया के देश, ईएफटीए क्षेत्र, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक सभी महसूस कर रहे हैं कि भारत एफडीआई के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि भारत का स्थिर और पूर्वानुमानित विनियामक ढांचा, अनुकूल कारोबारी माहौल और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने वाली प्रगतिशील नीतियां दुनिया भर से निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले महीने मैं अमेरिका के सबसे बड़े फंडों में से एक के सीईओ से मिला, जो भारत में सबसे बड़ा निवेशक भी है। उन्होंने मुझे बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारत में किया गया निवेश उनके फंड का अब तक का सबसे अच्छा निवेश रहा है।' गोयल ने कहा कि अमेरिकी फंड ने उन्हें बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से भारत में निवेशक हैं, लेकिन उनका 80 प्रतिशत से अधिक निवेश पिछले कुछ वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा, 'सीईओ ने मुझे बताया कि वह भारत में निवेश के 20 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए भारत आएंगे और भारत में निवेश की एक और श्रृंखला की घोषणा करेंगे।'



## वस्तुओं, सेवाओं के निर्यात में वृद्धि की रणनीति पर चल रहा काम: गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार देश के माल एवं सेवाओं के निर्यात में और तेजी लाने के लिए निर्यात रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय निर्यातकों की चिंताओं को दूर करके तथा भारत के प्रतिस्पर्धी लाभ एवं ताकत के क्षेत्रों की पहचान करके 2030 तक निर्यात को दो लाख करोड़ डॉलर तक ले जाने के लिए लक्षित तरीके से काम कर रहा है। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वस्तुओं और सेवाओं, दोनों का निर्यात अच्छा चल रहा है... हम एक निर्यात रणनीति पर काम कर रहे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि हम वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात में किस प्रकार तेजी ला सकते हैं। वर्ष 2024-25 में निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में यह 778 अरब डॉलर था। आगामी बजट से निर्यात के लिए उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा निर्यातक समुदाय के लिए 'बहुत' सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) हमारे निर्यात को समर्थन देने के लिए हमेशा सक्रिय रहेंगे।

## पंजाब एंड सिंध बैंक जीएसटी रिटर्न के आधार पर एमएसएमई के लिए तत्काल ऋण योजना शुरू करेगा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने अपने डिजिटल मंच के माध्यम से ऋण को बढ़ावा देने की पहल के तहत इस महीने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 25 लाख रुपये तक की तत्काल ऋण योजना शुरू करने की योजना बनाई है। अपने बदलाव के एजेंडा के तहत, बैंक पहले ही डिजिटल आवास ऋण और वाहन ऋण योजनाएं शुरू कर चुका है, जिसके तहत आवेदन को सिर्फ 15 मिनट के भीतर सैद्धांतिक मंजूरी दी जाती है। पंजाब एंड सिंध बैंक के कार्यकारी निदेशक रवि मेहरा ने पीटीआई-भाषा से कहा, दोनों खंडों यानी पीएसबी ई-अपना घर और पीएसबी ई-अपना वाहन (पिछले महीने शुरू) के लिए ऋण आवेदन से लेकर मंजूरी तक की यात्रा सीधी प्रक्रिया (एसटीपी) पर




आधारित है, जो पूर्व-निर्धारित 'बिजनेस रूल इंजन' (बीआरई) पर चलती है। उन्होंने कहा कि यह स्वचालित दृष्टिकोण प्रसंस्करण और मंजूरी के चरण में मानवीय हस्तक्षेप को समाप्त करता है, जिससे गति, दक्षता और ग्राहक अनुभव बेहतर होता है। खुदरा पक्ष पर प्रारंभिक सफलता के बाद, उन्होंने कहा कि बैंक ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) के लिए 25 लाख रुपये की ऋण सीमा तक इसी तरह के उत्पाद की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि उत्पाद लगभग तैयार है और इस महीने के अंत में इसे लाने से पहले प्रणाली और प्रक्रियाओं की अंतिम जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई उधारकर्ताओं, मौजूदा और बैंक के नए ग्राहकों दोनों को ऋण आकलन और मंजूरी देने की यह एसटीपी यात्रा मुख्य रूप से नकदी प्रवाह के आकलन पर निर्भर करेगी। इसमें आवेदक के खाता विवरण और जीएसटी रिटर्न को देखा जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### एफपीआई ने जनवरी के पहले तीन सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 4,285 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले आशंकाओं और घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन के कारण इस महीने के पहले तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 4,285 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले पूरे दिसंबर माह में एफपीआई ने शेयरों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बीच एफपीआई की धारणा में बदलाव आया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'जबतक डॉलर मजबूत रहेगा और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक रहेगा, तबतक एफपीआई की बिकवाली जारी रहने की संभावना है। डॉलर इंडेक्स इस समय 109 के आसपास है और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल 4.5 प्रतिशत से अधिक है। इस वजह से एफपीआई निकासी कर रहे हैं।' आंकड़ों के अनुसार, एक से तीन जनवरी के दौरान एफपीआई ने 4,285 करोड़ रुपये के शेयर बेचे है। विदेशी निवेशकों के बीच अनिश्चितता का पता मौजूदा निकासी के रुख से चलता है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, 'विदेशी निवेशकों ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया है। इसके अलावा अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संभावित नीतियों और वैश्विक बाजारों पर उनके प्रभाव की वजह से भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं।' डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने एफपीआई की धारणा को और कमजोर कर दिया है, क्योंकि मुद्रा जोखिम ने भारतीय निवेश को कम आकर्षक बना दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कम कटौती के संकेत भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में विफल रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, तो एफपीआई मुख्य रूप से ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बिकवाली कर रहे हैं।

### सरकार सोमवार को इस्पात क्षेत्र के लिए पीए-लआई योजना का अगला दौर शुरू करेगी

**नयी दिल्ली :** सरकार सोमवार को इस्पात क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का एक और दौर शुरू करेगी। 'पीएलआई योजना 1.1' का शुभारंभ इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी करेंगे। इस्पात मंत्रालय ने बयान में कहा, केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री... इस्पात उद्योग के लिए 'पीएलआई योजना 1.1' का शुभारंभ करेंगे और छह जनवरी को आवेदन आमंत्रित करेंगे। विशेष इस्पात के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने और पूंजी निवेश को आकर्षित करके आयात को कम करने के लिए सरकार ने पहले विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना शुरू की थी। इस योजना ने 27,106 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 79 लाख टन विशेष इस्पात उत्पादन के साथ 14,760 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की परिकल्पना की गई है। पिछले साल नवंबर तक कंपनियों ने 18,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है और 8,660 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। बयान में कहा गया है कि सरकार इसमें भाग लेने वाली कंपनियों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रही है और प्रतिक्रिया के आधार पर यह महसूस किया गया कि अधिक भागीदारी आकर्षित करने के लिए योजना को पुनः अधिसूचित करने की गुंजाइश है। पीएलआई की अवधारणा 2020 में कोविड महामारी के बाद लगे वैश्विक लॉकडाउन के दौरान तैयार की गई थी, जिसमें घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। शुरुआत में तीन क्षेत्रों के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना को बाद में नवंबर, 2020 में इस्पात को शामिल करने के लिए बढ़ा दिया गया था। सरकार ने पहले कहा था कि वह विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि पहल के पहले दौर की प्रतिक्रिया उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही।

वर्ष 9, पूर्णांक 4111 अंक 261, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in